इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक
न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039 हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 44 अंक - 278 राजनांदगांव, बुधवार 27 अगस्त 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## जम्मू : माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास भूस्खलन, 8 लोगों की मौत व 14 घायल, यात्रा स्थगित

जम्मू। माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर आज पेश आए दर्दनाक हादसे में अब तक दो महिला श्रद्धालुओं समेत आठ लोगों की मौत हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। अभी भी मलवे में कई श्रद्धालुओं के दबे होने की सूचना है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह हादसा पारंपारिक अर्द्धकुंवारी यात्रा मार्ग पर स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास पेश आया।



भारी बारिश के बीच पूरा पहाड़ बड़े-बड़े पत्थरों समेत भरभरा कर श्रद्धालुओं पर आ गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं के दबे होने की आशंका है। जब तक मिली जानकारी के अनुसार अभी तक आठ शव कटड़ा शवगृह और ककड़ेयाल स्थित नारायणा अस्पताल में पहुंचे हैं जबकि 14 में से 10 घायलों की पहचान हो गई है।

मरने वालों में दो महिला श्रद्धालु जबकि 6 पुरुष श्रद्धालु शामिल हैं। घायलों को पहले कटड़ा अस्पताल लाया जा रहा है। वहां से प्राथमिक उपचार प्रदान करने के बाद ही ककड़ेयाल स्थित नारायणा अस्पताल स्थानांतिरत किया जा रहा है। वहीं अर्द्धकुंवारी यात्रा मार्ग पर बचाव अभियान अभी भी जारी है। एसडीआरएफ, श्राईन बोर्ड आपदा प्रबंधन के जवान, जम्मू-कश्मीर पुलिस व सीआरपीएफ जवान सहित अन्य बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। मलवा अधिक भारी होने की वजह से बचाव कार्य में देरी हो रही है। स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ सहित मौके पर मौजूद है ताकि घायलों को तुरंत उपचार प्रदान किया जा सके। अभी तक 14 घायलों में 10 की पहचान हो पाई है। इनमें संगीता उम्र 47 पत्नी पिंटु और उनकी बेटी उमंग उम्र 24 दोनों निवासी मुजफ्फपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। इसके अलावा घायलों में एक अन्य श्रद्धालु अमित कुमार की 5 वर्षीय उर्वी व पत्नी डॉली उम्र 30 भी शामिल हैं जो मुजफ्फरपुर उत्तर प्रदेश की ही रहने वाली बताई जा रही हैं।

इसके अलावा कमलेश पत्नी राम निवासी हरियाणा, मयंक गोयल पुत्र सुनील गोयल निवासी उत्तर प्रदेश, सावित्री पत्नी रत्तन लाल निवासी हरियाणा, किरण पत्नी सुभाष चंद्र निवासी मोहाली चंडीगढ़, देवी लाल पुत्र भगत राम निवासी मध्य प्रदेश, वैष्णवी पुत्री दीपक निवासी मुजफ्फर नगर उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इन सभी घायलों को बेहतर ईलाज के लिए ककड़ेयाल नारायणा भर्ती कराया गया है। कटरा क्षेत्र में लगातार भारी बारिश और बिगड़ते (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हिमाचल प्रदेश में ब्यास नदी ने मचाई तबाही, होटल-रेस्टोरेंट बहे; पांच की मौत

लगातार हो रही बारिश, कहीं पुल ध्वस्त तो कहीं बह गए मकान; पांच की मौत,

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच बारिश ने तबाही मचाई है। जगह-जगह भूस्खलन से राज्य में तीन नेशनल हाईवे सहित 690 सड़कें बंद हैं। 2,349 बिजली ट्रांसफार्मर व 234 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। इससे कई इलाकों में बिजली-पानी की आपूर्ति ठप है। आठ जिलों में आज शिक्षण संस्थान बंद रखे गए हैं। कुल्लू जिले में बारिश ने तबाही मचाई है। ब्यास नदी के रौद्र रूप से लोगों में दहशत का माहौल है। चार दुकानों के ब्यास में बहने की सूचना है। भारी बारिश से मनाली के बाहंग में एक रेस्तरां ब्यास नदी में आई बाढ़ में बह गया। अब सिर्फ इसका सामने वाला हिस्सा ही बचा है। 14 मील में भी रिहायशी इलाकों में पानी भर गया। 15 मील में एक शौचालय व कुछ खोखे ब्यास में बह गए।



यात्रियों ने सुरंग में शरण ली

### मनाली-लेह मार्ग ठप

मनाली-लेह मार्ग बाहंग में भूस्खलन होने के कारण बंद हो गया है। ओल्ड मनाली से बुरुआ को जाने वाली सड़क भी बंद हो गई। कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे बिंदु ढाक के समीप सड़क बहने के कारण ठप हो गया। सड़क धंसने के कारण एक ट्रक और एक जीप भी ब्यास में बह गई। वाहनों को वामतट मार्ग से भेजा जा रहा है। मनाली से भी यातायात वाया लैफ्ट बैंक ही डायवर्ट किया गया है। ब्यास नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है, ग्रीन टैक्स बैरियर आलू ग्राउंड के पास पानी सड़क पर बह रहा है। ओल्ड मनाली में मनालसु नाला में बना पुल बाढ़ से ध्वस्त हो गया है। पिलर बहने से पुल टूटकर नदी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी की आगामी जापान यात्रा से और मजबूत होंगे भारत-जापान संबंध: सीएम विष्णु देव साय

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की आगामी यात्रा और ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ की सहभागिता पर कहा कि हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी बहुत जल्द जापान आ रहे हैं। भारत और जापान की मित्रता ऐतिहासिक और गहरी है। उनके इस दौरे से यह संबंध और भी मजबूत होंगे और हमारे देश को अनेक लाभ प्राप्त होंगे।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की यात्रा भारत और जापान के बीच तकनीकी, औद्योगिक और सांस्कृतिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाएगी। इससे दोनों देशों की जनता को लाभ होगा और साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

ओसाका में वर्ल्ड एक्सपो 2025 के संदर्भ में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कल हमने छत्तीसगढ़ को समर्पित सप्ताह का शुभारंभ किया है। यह वर्ल्ड एक्सपो भारत की संस्कृति को विश्व के सामने प्रस्तुत करने का एक बड़ा प्रयास है।

छत्तीसगढ़ का सप्ताह न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए लाभकारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और औद्योगिक प्रगति को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। इससे निवेश और सहयोग के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि जापान यात्रा और ओसाका एक्सपो में छत्तीसगढ़ की सक्रिय भागीदारी प्रदेश और देश दोनों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगी।

## वोट अधिकार यात्रा: चोर की तरह वोट चोरी कर बीजेपी खामोश, मधुबनी में बोले राहुल गांधी

मधुबनी। आठवें दिन राहुल गांधी का काफिला लगभग दो घंटे की देरी से मधुबनी पहुंचा। इस दौरान महागठबंधन के हजारों कार्यकर्ता अपने-अपने दल के झंडे लेकर मौजूद रहे। इस दौरान राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा को घेरा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर सवाल उठाया जिसमें कहा गया था कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी।



शाह के बयान को बताया अजीब

राहुल गांधी ने कहा कि मैं हैरत में पड़ गया था कि अमित शाह ऐसा कैसे कह सकते हैं। हम नेता हैं, जनता क्या चाहती है और क्या सोचती है, ये वही तय करती है। इसलिए अमित शाह का यह बयान बेहद अजीब था। अब सच्चाई देश के सामने आ गई है कि भाजपा वोट चोरी करती है। यह सिलसिला गुजरात से शुरू हुआ और अब राष्ट्रीय स्तर पर आ गया है। भाजपा वोट चोरी करके राज्यों में जीत हासिल करती है। पहले मैं यह बात खुलकर नहीं कह पा रहा था क्योंकि मेरे पास सबूत नहीं थे, लेकिन अब सबूत सामने हैं।

### संविधान और वोट का अधिकार

राहुल गांधी ने कहा कि संविधान में साफ लिखा है कि हिंदुस्तान का हर नागरिक चाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो, दलित हो या ओबीसी सभी को एक वोट का अधिकार है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अंबानी जी के बेटे को उतने ही वोट मिलते हैं जितना किसी गरीब बच्चे को। फर्क सिर्फ इतना है कि अंबानी जी के लिए तो बैंक के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं, उन्हें पैसों की कोई कमी नहीं होती। लेकिन वोट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम साय ने ओसाका की एसएएस सानवा कंपनी लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए किया आमंत्रित

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान ओसाका स्थित एसएएस सानवा कंपनी लिमिटेड को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कंपनी को छत्तीसगढ़ में अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई तथा उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सुविधा स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ये परियोजनाएँ न केवल कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को मज़बूत करेंगी बल्कि उच्च-तकनीकी विनिर्माण को भी प्रोत्साहित करेंगी और राज्य के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर नए रोजगार अवसर सृजित करेंगी।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण, सुगम प्रक्रिया और प्रत्येक स्तर पर सहयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने आशा व्यक्त की कि एसएएस सानवा कंपनी लिमिटेड की प्रस्तावित खाद्य प्रसंस्करण इकाई से किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और कृषि आधारित उद्योगों को नई मजबूती प्राप्त होगी। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सुविधा राज्य को उच्च-तकनीकी उत्पादन का नया केंद्र बनाएगी और युवाओं को आधुनिक उद्योगों से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विश्वास जताया कि ये निवेश परियोजनाएँ आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस आईएनएस हिमगिरि और उदयगिरि नौसेना में शामिल, समुंदर में बढ़ेगी भारत की ताकत



नई दिल्ली। समुद्र में भारत की ताकत और बढ़ गई है। अग्रिम पंक्ति के दो बहु-उपयोगी स्टेल्थ युद्धपोत आइएनएस उदयगिरि और आइएनएस हिमगिरि को नौसेना में मंगलवार को शामिल किया गया। दोनों युद्धपोत आठ ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस है। इनमें स्वदेशी उन्नत हथियारों और सेंसर भी लगे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में नौसेना के पूर्वी नौसेना कमान में दोनों युद्धपोतों का जलावतरण किया गया। यह पहला अवसर है जब अलग अलग शिपयार्ड में निर्मित दो प्रमुख युद्धपोतों को एक साथ नौसेना में शामिल किया जा रहा है।

नीलगिरि-श्रेणी के प्रोजेक्ट 17ए के दोनों स्टेल्थ युद्धपोत मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के प्रतीक हैं। उदयगिरि नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया 100वां युद्धपोत है। नौसेना ने एक्स पर पोस्ट किया, दो अत्याधुनिक युद्धपोत नौसेना के बेड़े में शामिल हो गए हैं, जो समुद्र में भारत की ताकत और मजबूत होगी।

### उदयगिरी और हिमगिरी की विशेषताएं

दोनों युद्धपोतों के नाम आइएनएस उदयगिरि (एफ35) और आइएनएस हिमगिरि (एफ34) के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने सेवामुक्त होने से पहले 30 वर्षों से अधिक समय तक देश की सेवा की थी।-ये सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 76 मिमी एमआर गन और 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन हथियार प्रणालियों से लैस हैं।

### उदयगिरि और हिमगिरि में डिजाइन

स्टेल्थ (रडार की पहुंच से बच निकलने की क्षमता), हथियार और सेंसर प्रणालियों में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं।-नीलगिरि-क्लास की स्टेल्थ फ्रिगेट्स को कोड के तौर पर प्रोजेक्ट 17-अल्फा (प्रोजेक्ट-17ए) का नाम भी दिया गया है। इसे नौसेना के प्रोजेक्ट-17 फ्रिगेट यानी शिवालिक क्लास के अगले चरण के तौर पर देखा जाता है। 17ए प्रोजेक्ट के इन युद्धपोतों में लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। उदयगिरी और हिमगिरी के निर्माण में स्वदेशी तकनीक और उद्योग का बड़ा योगदान रहा। ये युद्धपोत उन्नत हथियार और सेंसर से लैस हैं। दोनों युद्धपोतों को बनाने में 200 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग जुड़े रहे, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रंप की टैरिफ धमकियों पर जवाब देने को तैयार चीन, पुतिन और मोदी संग एकजुटता दिखाएंगे जिनपिंग

बीजिंग। ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई देशों के नेताओं को शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में आमंत्रित कर बड़ा संदेश दिया है। यह सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक तियानजिन, चीन में आयोजित होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह आयोजन अमेरिका को उभरते नए विश्व व्यवस्था का आईना दिखाने की रणनीति का हिस्सा है।



यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका और ब्रिक्स देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन इस आयोजन को यह दिखाने के लिए उपयोग करेगा कि अमेरिका, रूस, ईरान और अब भारत को अलग-थलग करने के उसके प्रयास विफल रहे हैं। चीन-ग्लोबल साउथ प्रोजेक्ट के संपादक एरिक ओलैंडर के मुताबिक, यह सम्मेलन दुनिया को यह संदेश देगा कि अमेरिकी नेतृत्व वाली व्यवस्था अब कमजोर हो रही है और बहुध्रुवीय दुनिया तेजी से आकार ले रही है।

### भारत-चीन रिश्तों को सुधारने की कोशिश

यह शिखर सम्मेलन भारत और चीन के लिए भी अहम माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से सीमा विवाद और तनाव रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत इस सम्मेलन के जरिए चीन के साथ रिश्तों में सुधार की दिशा में कदम बढ़ा सकता है। उम्मीद है कि इस बैठक में दोनों देश सैनिकों की वापसी और व्यापार व वीजा पाबंदियों में ढील जैसे ऐलान कर सकते हैं। यह कदम द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम देने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आप नेता सौरभ भारद्वाज के आवास समेत 13 ठिकानों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के बड़े नेता सौरभ भारद्वाज के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है। यह छापेमारी अस्पताल निर्माण से जुड़े मामले में की गई है। ईडी सौरभ भारद्वाज के 13 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अभी उनके घर पर छापेमारी चल रही है। दरअसल, दिल्ली की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने आप नेता सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ आप सरकार के दौरान अस्पताल निर्माण में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज किया था। इस मामले को बाद में ईडी को सौंप दिया गया। अब इसी मामले में मंगलवार को ईडी ने सौरभ भारद्वाज के घर पर छापेमारी की है।



मंगलवार को सुबह-सुबह ईडी की टीम आप नेता सौरभ भारद्वाज के आवास पर पहुंची और छापेमारी शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम सौरभ भारद्वाज के घर में रखे दस्तावेजों की खंगाल रही है। सौरभ भारद्वाज के ऊपर पिछली आप सरकार के दौरान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स में कथित घोटाले का आरोप है। इसी मामले में ईडी ने सौरभ भारद्वाज के 13 ठिकानों पर छापेमारी की है

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, साल 2018-19 में आम आदमी पार्टी के कार्यकाल के दौरान 5,590 करोड़ रुपये की लागत से 24 अस्पताल प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई थी। सरकार की योजना के अनुसार, 6 महीने के अंदर आईसीयू अस्पताल तैयार करने की तैयारी थी, लेकिन दावा किया जा रहा है कि अभी तक काम पूरा नहीं हुआ है। इन प्रोजेक्ट में काफी देरी हुई और लागत भी बढ़ी, जिससे गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगा। इस मामले में आप नेता सत्येंद्र जैन और सौरभ भारद्वाज शामिल हैं। साल 2021 में 1,125 करोड़ रुपये के बजट में 6 आईसीयू अस्पताल बनने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बीएड डीएलएड, बीए बीएड, बीएससी बीएड में ऑनलाइन आबंटन की प्रक्रिया 29 से

### डाइट एवं निजी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए अलग अलग पंजीयन एवं महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए तिथि जारी

रायपुर। राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा बीएड डीएड बीएससी बीएड पाठ्यक्रम में 2025 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आबंटन कार्यक्रम घोषित कर दिये गये है। इसके तहत राज्य के डाइट में प्रशिक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। एससीईआरटी के संचालक ऋतुराज रघुवंशी द्वारा जारी निर्देशानुसार आबंटन कार्यक्रम तथा दिशा निर्देश की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके तहत पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म भरने की तिथि 29 अगस्त से लेकर 4 सितंबर तक, प्रथम चरण के लिए प्रथम सूची जारी करना तथा दावा आपत्ति 9 सितंबर से लेकर 10 सितंबर तक, प्रथम चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि 11 सितंबर से लेकर 15 सितंबर तक रिक्त सीटों की जानकारी 16 सितंबर तक जारी की जाएगी। संचालक द्वारा जारी आदेशानुसार प्रथम चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथी 11 सितंबर से लेकर 15 सितंबर रिक्त सीटों की जानकारी 16 सितंबर प्रथम चरण की द्वितीय सूची दावा आपत्ति के लिए 17 सितंबर एवं द्वितीय सूची के लिए दावा आपत्ति 19 सितंबर तक प्रथम चरण और द्वितीय चरण में अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि 18 सितंबर से लेकर 22 सितंबर तक रिक्त सीटों की जानकारी 23 सितंबर तक की जा सकेगी। प्रथम चरण की दावा सूची के आपत्ति के पश्चात तृतीय सूची 25 सितंबर को जारी की जाएगी। तीसरे सूची के आबंटित अभ्यर्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश 25 से 29 सितंबर तक लेना होगा। रिक्त सीटों की जानकीर 30 सितंबर तक देना होगा। संचालक द्वारा दी गई जानकारी द्वारा तीसरी सूची के पश्चात द्वितीय चरण प्रारंभ होगा। द्वितीय चरण के लिए पंजीयन आन लाइन एक अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक द्वितीय चरण की सूची दावा आपत्ति 9 अक्टूबर से (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## मरही माता मंदिर दर्शन के लिए गए एक ही परिवार के चार सदस्य उफनते नाले में बहे, सभी की मौत

रायपुर। जिले में सोमवार को एक बड़ा दुखद हादसा सामने आया, जब मरही माता मंदिर दर्शन करने पहुंचे एक ही परिवार के तीन बच्चे और एक शख्स पानी के तेज बहाव में बह गए। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।



जानकारी के अनुसार, भाटापारा और बलौदाबाजार क्षेत्र से 40 से 45 श्रद्धालु बस से कोटा विकासखंड के भनवारटंक स्थित मरही माता मंदिर पहुंचे थे। पूजा-अर्चना के बाद सभी श्रद्धालु मंदिर से कुछ दूरी पर नाले के उस पार भोजन करने गए थे। भोजन उपरांत वापसी के दौरान अचानक नाले में पानी का बहाव तेज हो गया। इसी दौरान परिवार के चार लोग बह गए। रेस्क्यू टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद तीन बच्चों के शव सोमवार को ही बरामद कर लिए थे। वहीं रातभर चले खोजबीन अभियान के बाद मंगलवार सुबह चौथे व्यक्ति का शव भी मिल गया। घटना की सूचना पर बेलगहना चौकी पुलिस, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# तीजा पर्व में खूब बिकी पूजन सामग्रियां, शिव-पार्वती प्रतिमा की रही खासी डिमांड

राजनांदगांव (दावा)। आज भादो मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणपति बप्पा धूमधाम के साथ विराजेंगे। इसके साथ ही आज अपने पति की लंबी उम्र की कामना से कठिन व्रत तीजा उपवास रखने वाली महिलाएं भगवान विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना उपरांत अपना व्रत तोड़ेंगी। तीज व्रती महिलाओं द्वारा आज फूलेरा बनाकर की गई पूजा-अर्चना पश्चात अपने सुख-सौभाग्य की वृद्धि व चूरी अमर रहे की कामना करते हुए बड़े बुजुर्गो का चरण छूकर आशीर्वाद ग्रहण करेंगी। इस दौरान घर-परिवार का माहौल आनंद से भरा रहेगा। नई परिधानों में सजी तीज व्रती महिलाओं की उपस्थिति का रौनक चारों और देखने को मिलेगा। हरियालिका व्रत व पूजन की खुशियां चारों ओर बिखरी रहेगी।



○ बाजार में महिलाओं की रही भारी भीड़, खूब बिकी साड़ियां
○ पति की लंबी उम्र की दुआओं के साथ तीजहारिने आज चतुर्थी को करेंगी पारणा

### महिलाओं की खरीदारी से बाजार रहा गुलजार

बता दें कि अपने पति की लंबी आयु की कामना से बड़ी संख्या में महिलाओं का पिछले सप्ताह भर से अपने मायके जाने ने का सिलसिला बना रहा। इससे ट्रेनें व बसों में महिलाओं की खासी भीड़ रही। पोला पर्व मनाने के तीसरे दिन महिलाएं करेला सब्जी की कड़ू भात खाकर 24 घंटे के लिए कठिन उपवास रही। इस उपवास का पारणा किए जाने के दो-तीन दिनों पूर्व से ही शहर का बाजार गुलजार बना रहा। बाजार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मानव मंदिर चौक जयस्तंभ चौक, सिनेमा लाइन, गुड़ाखू लाइन, रामाधीन मार्ग, गोल बाजार क्षेत्र, जूनी हटरी लाइन के विभिन्न क्षेत्रों की दुकानें सजी रही।खास कर सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं वाली दुकान से लेकर कपड़े-लत्ते की दुकान, सोने चांदी की दुकानें सहित गिफ्ट आइटम की दुकानों में महिलाओं की खासी भीड़ देखी गई। साड़ी दुकानों में महिलाओं की इतनी भीड़ थी कि दो-दो, तींन-तीन लोगों को उन्हें संभालना मुश्किल जा रहा था। इसी तरह शापिंग माल में भी अपने मन पसन्द के कपड़े खरीदने वालों की भीड़ जुटी रही। तीजा पर बाजार में सस्ती से लेकर महंगी कीमत वाली विभिन्न वेराइटियो की साड़ियां खूब बिकी।

### बाजार में खूब बिकी पूजन सामग्रियां

तीजा पर्व पर बाजार में फल फूल के अलावा पूजन सामग्रिया भी खूब बिकी। शहर के जयस्तंभ चौक, गोलबाजार, गंज चौक, हाट-बाजार महामाया चौक आदि जगहों में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी थी। जहां सबेरे से पूजा सामग्री खरीदने वालों की भीड़ देखी गई।दुकानों तीजा व्रत के लिए उपयोग आने वाली पूजन सामग्रियो के अलावा भगवान शिव- पार्वती पूजन की प्रतिमा खूब बिकी।बाजार में एक-एक प्रतिमाएं 100 से लेकर 150 रुपए में बिकी है। वहीं केला सेव व अन्य मौसमी फल भी खूब बिके। बाजार में महिलाओं व पूजन-सामग्रियां खरीदने वालों की खासी भीड़ थी।

# चिखली पुलिस ने सड़क पर बैठे मवेशी के मालिकों पर की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस द्वारा अपने चौकी क्षेत्र में सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण मे चलायें गए उक्त अभियान के तहत स्टेट हाइवे राजनांदगांव-खैरागढ़ मार्ग पर बैठे मवेशी मालिकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही की गई है। मवेशियों के टेग नंबर का विश्लेषण कर दोषी पाए गए मवेशी मालिकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया।

चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि आम रोड में बैठे पालतू मवेशियो के संबंध में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्यवाही में 25 अगस्त को उनके दिशा निर्देश पर टीम गठित कर इस अभियान में आम नागरिकों व गवाहों को साथ लेकर स्टेट हाइवे राजनांदगांव-खैरागढ़ मार्ग पर कार्यवाही की गई। मवेशियों के संबंध में उपेक्षा पूर्ण आचरण कृत्य करते पाए जाने से जनसुरक्षा को खतरे में डालने का दोषी पाए जाने पर इन मवेशी मालिकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिसमें मवेशी मालिक मनोज यादव पिता स्व. बन्नू लाल यादव उम्र 35 साल निवासी रमन बाजार, चंद्रेशी राय पिता गरिबा दास उम्र 51 साल निवासी शीतला मंदिर पारा चिखली है। इन दोनों के विरूद्ध धारा 291 बीएनएस के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही नागरिकों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है।

श्री नामदेव ने बताया कि पुलिस द्वारा सभी मवेशी मालिकों एवं घुमंतू पशु पालकों से अपील की है कि अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखें। ऐसा करने से न केवल मवेशियों की सुरक्षा होगी बल्कि आम नागरिकों की जान-माल की रक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगा।

# माहेश्वरी पंचायत ने मेधावी छात्राओं व समाज के गौरव का किया सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। माहेश्वरी पंचायत राजनांदगांव द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन इस वर्ष भी गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर 10वीं, 12वीं, सीए, डॉक्टर तथा अन्य शैक्षिक उपलब्धियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज का गौरव बने प्रदीप गांधी का विशेष सम्मान भी किया गया। आयोजन की शुरुआत भगवान शिव के रुद्राभिषेक से हुई। समारोह के मुख्य अतिथि चतुर्भुज राठी (दुर्ग) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश गांधी ने की।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी दामोदर दास मूंदड़ा, मंडल संरक्षक सूर्यकांत चितलांगिया, बृज किशोर सुरजन, राजेंद्र लड्ढा, पंचायत अध्यक्ष पवन डागा, ओमप्रकाश डागा, रामदेव राठी, दामू भूतड़ा, सत्यनारायण डागा, कैलाश राठी, आनंद लोहिया, विजय भट्टड, आशीष सोनी, रमेश सोनी, घनश्याम भूतड़ा, स्वरूप राठी, संजोग टावरी, जगदीश गांधी, गोपाल टावरी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। महिला मंडल एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती शशि देवी गट्टानी, श्रीमती सरस्वती देवी लोहिया, श्रीमती अलका सुरजन, दीपा बागड़ी सहित बालिका मंडल, युवा मंडल तथा दुर्ग, बालोद, डोंगरगांव से आए समाज बंधुओं ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष बनाया। कार्यक्रम का संचालन गगन लड्ढा ने किया।

# हममें एक भी कषाय रहा तो फिर आत्म कल्याण नहीं कर पाएगे - मुनि वीरभद्र

राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि हमारे शरीर में एक भी कषाय रह गया तो फिर हम अपना आत्म कल्याण नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि भीतर के कषायों को दूर करो और आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ो। पर्यूषण पर्व के दौरान जैन बगीचे के नए हाल में श्रावकों के भीड़ को संबोधित करते हुए मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि हम आराधना करने वाले हैं तो दूसरे आराधना करने वालों का सम्मान करें। सज्जन व्यक्ति कभी अनुचित डिमांड नहीं करता और सज्जन व्यक्ति का डिमांड ठुकराया भी नहीं जाता। उन्होंने कहा कि हम खाना खाते हैं तो सब्जी दाल आदि में कोई ना कोई कमी निकालते हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा की सहनशक्ति को देखकर आप भी सहनशील बनने का प्रयास करें और अंतराय से दूर रहें।



सज्जन व्यक्ति कभी अनुचित डिमांड नहीं करता

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने कहा कि हमारी सारी संपत्ति एवं बुद्धि का उपयोग हम परमात्मा के चरणों में करें। वहां से हम आगे ही बढ़ेंगे नीचे नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि कोई चीज पसंद आ जाए तो हम उसे पाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा का अनुसरण करें और उनके चारित्रदर्शन को पाने का प्रबल प्रयास करें। हमें भी अपने जीवन में ऐसे ही त्याग और पुरुषार्थ करना होगा कि लोगों की नजर हमारी चारित्रता पर जाए। समझदार व्यक्ति वही है, जो कुछ लेने से पहले उसे पर विचार करें और अपने गुरु से आज्ञा लें। अपने जीवन की हर जानकारी अपने गुरु को अवश्य दें। मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने आगे कहा कि हमें लड़ाई कर्मों के साथ करनी है, व्यक्ति से नहीं। अपने शरीर में एक भी कषाय रूपी दाग पड़ा रहा तो हम आत्म कल्याण के मार्ग में आगे नहीं बढ़ पाएंगे। हम भगवान के छोटे-छोटे चरित्र को देखते हुए उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें, निश्चय ही हमें सफलता मिलेगी। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

### तीन दिवसीय सिद्धि तप 1 से

चातुर्मास के अवसर पर 1 से 3 सितंबर तक जैन बगीचे में तीन दिवसीय सिद्धि तप पारणोंत्सव का आयोजन किया गया है। सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष मनोज बैद, चातुर्मास समिति के संयोजक प्रदीप गोलछा, सहसंयोजक पीयूष बैद, कोषाध्यक्ष सुरेश गांधी, सचिव प्रभात पारख में बताया कि महोत्सव के पहले दिन 1 सितंबर सोमवार को तप का महत्व पर प्रवचन एवं संगीत मय प्रस्तुती प्रातः 8:45 बजे से, मेंहदी एवं सांझी - नीपा शाह व जिया शाह, सूरत द्वारा दोपहर 2:30 बजे से एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय संस्थाओं/मंडलियों द्वारा शाम 7:30 बजे से जैन बगीचा प्रांगण में प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव के दूसरे दिन 2 सितंबर मंगलवार को प्रवचन सुबह 8:45 बजे से होगा। तपस्या गीत - दोपहर 1:30 बजे से, सिद्धि तप वधामना, संवेदना शासन भाई, मुंबई द्वारा साथी संगीतकार गौतम भाई वारिया, मुंबई के साथ शाम 7:30 बजे से प्रस्तुत किया जाएगा। तीसरे दिन 3 सितंबर बुधवार को परमात्मा संग तपस्वियों का भव्य बरगोडा प्रातः 7:30 बजे जैन बगीचे से निकलेगा और नगर भ्रमण करता हुआ वापस जैन बगीचे पहुंचेगा। इसके बाद सिद्धि तप के तपस्वियों का प्रातः 9:30 बजे से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी कार्यक्रमों में समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित का निवेदन किया है।

# लक्ष्य पब्लिक स्कूल बसंतपुर में जन्माष्टमी पर्व की रही धूम



राजनांदगांव। शहर के बसंतपुर स्थित लक्ष्य पब्लिक स्कूल में श्री जन्माष्टमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बता दें कि शिक्षा, खेल और संस्कृतिक कक्षा के शहर में अपना विशेष स्थान रखने वाले लक्ष्य पब्लिक स्कूल की एक अलग अहमीयत बनी हुई है।

कूल के नन्हें विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न आयोजन कर जन्माष्टमी पर्व उत्साहपूर्वक मनाया और अपने प्रदर्शन से लोगों का दिल जीत लिया। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण जन्म और सुदामा की मित्रता को लघु नाटक के द्वारा खूबसूरती से प्रकट किया। वहीं श्रीकृष्ण की बाल लीला व श्रीकृष्ण के बंशी धरे आकर्षक स्वरूप लोगों की दिलों को छू गया। शिक्षिकाओं के सहयोग से आयोजित इस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है। आयोजन को सफल बनाने में कला तथा संगीत विभाग ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल तीज पर भी जारी, सरकार की चुप्पी से नाराजगी

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की हड़ताल लगातार जारी है। कर्मचारियों ने तीज जैसे पारंपरिक पर्व पर भी आंदोलन स्थल से ही त्योहार मनाया। कर्मचारियों का कहना है कि परिवार के साथ पर्व मनाने के बजाय वे अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं।



संघ के जिला अध्यक्ष संतोष चंदेल ने कहा कि सरकार की बेरुखी और उदासीन रवैये के कारण कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ÷यह हमारे लिए बेहद दुखद है कि त्योहार के दिन भी हमें सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। सरकार से अपील है कि वह हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र ठोस कदम उठाए। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। कर्मचारियों का कहना है, कि हमें इस त्यौहार को घर वालों के साथ मनाना चाहिए था। लेकिन सरकार के उदासीन रवैए ने हमें मजबूर किया कि हमें हमारे हक के लिए सड़क पर उतरकर धरना देना पड़ रहा है। गौरतलब है कि एनएचएम कर्मचारी पिछले कई दिनों से नियमितीकरण, वेतनमान और सेवा शर्तों से जुड़ी अपनी प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा लगातार अनदेखी से उनका धैर्य टूटने लगा है।

# मोखला स्कूल के देवेश ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया

राजनांदगांव (दावा)। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मिडिल स्कूल मोखला, कक्षा छठवीं के छात्र देवेश ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा 2025-26 सत्र के लिए आयोजित की गई थी। जिसमें देवेश ने अपनी लगन और मेहनत से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। देवेश की इस सफलता पर स्कूल के प्रधान पाठक और सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। देवेश ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।



# ब्रह्माकुमारी संस्थान के शिविर में 100 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने अपनी पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर देशव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस राष्ट्रव्यापी पहल का लक्ष्य 1 लाख यूनिट रक्त एकत्र करना था। इसी कड़ी में, राजनांदगांव में भी एक विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया।



### लोगों में दिखा उत्साह

शिविर में महिलाओं ने भी उत्साह से हिस्सा लिया। कुछ महिलाओं ने बताया कि वे रक्तदान करना चाहती थीं, लेकिन परिवार की अनुमति नहीं थी। इस शिविर की जानकारी मिलने पर उन्हें अपने घर वालों से अनुमति मिल गई। ब्रह्माकुमारी बहनों ने भी इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। रक्तदाताओं ने ब्रह्माकुमारी संस्थान के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए खुशी व्यक्त की। पैथोलॉजिस्ट ने इस शिविर को एक बड़ी सफलता बताया। इस दौरान एकत्रित किए गए रक्त को सरकारी अस्पताल में रखा गया है, ताकि जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता पड़ने पर यह उपलब्ध हो सके।

### विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन

यह रक्तदान शिविर विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों ने रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय ब्लड सेंटर को इस शिविर से कुल 70 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. एस. ठाकुर के मार्गदर्शन में श्रीमती उषा बोरकर, सी.के. कश्यप, काउंसलर जगदीश सोनी, विक्रम भाई, धनेश्वर वर्मा, गायत्री वर्मा और टूमन यादव का विशेष सहयोग रहा। सभी रक्तदाताओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए साधुवाद और धन्यवाद दिया गया।









# राजीव नगर बसंतपुर में आज से दो दिवसीय रामधुनि प्रतियोगिता आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। शहर के राजीव नगर वार्ड नं. 42 बसंतपुर में आज गणेश चतुर्थी से दो दिवसीय रामधुनि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। वार्ड के पूर्व पार्षद व सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन ने बताया कि राजीव नगर में आज से आयोजित होने जा रही रामधुनि प्रतियोगिता का यह पांचवां वर्ष है। इस रामधुनि प्रतियोगिता में दूर-दूर से मंडलियां आकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। इस बार इस रामधुनि प्रतियोगिता में दर्जन भर के करीब मंडलियों ने भाग लिया है। रामधुनि प्रतियोगिता के लिए पूर्व पार्षद श्री सेन सहित मोहन सिन्हा, लोमेश साहू, नरेश सारथी, गौकरण सेन, सूरेद्र साहू आदि सहित मुहल्ले वासियों द्वारा भव्य तैयारियां की गई है। श्री सेन ने लोगों को अधिकाधिक संख्या में पधारकर उक्त धर्ममयी रामधुनि प्रतियोगिता का आनंद उठाने की अपील की है।

दो दिनों तक बहेगी श्री राम भक्ति की धारा

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.
1-5-9
340-7 779-3
राजधानी
3-6-7
122-5 244-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### राजनांदगांव में कांग्रेस सेवादल ने डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की पुण्यतिथि मनाई



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकर के निर्देश पर 26 अगस्त को राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की पुण्यतिथि मनाई गई। यह कार्यक्रम महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड 10 स्थित शीतला माता मंदिर चौक में सुबह 10 बजे आयोजित हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल और महिला अध्यक्ष श्रीमती पायल बारमाटे ने कुछ नई महिला सदस्यों को सदस्यता दिलाई। श्रीमती नम्रता रामटेके, किरण स्वरूप, रंजना बागड़े और कुंती वर्मा ने डॉ. हार्डीकर की पुण्यतिथि के मौके पर कांग्रेस सेवादल की सदस्यता ग्रहण की।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धूरपत बाई कुमरे पति श्री राम कुमार मोची आयु 63 वर्ष निवासी- वार्ड नं. 08 रामनगर मोतीपुर राजनांदगांव तह व् जिला राजनांदगांव (छग.) यह शपथ करता हूँ कि मैनें अपना नाम बदलकर दुरपत बाई मोची पति श्री राम कुमार मोची रख लिया है।

अतः आज से मेरा नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज मे नया नाम दुरपत बाई मोची पति श्री राम कुमार मोची से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूँ।

**दुरपत बाई मोची**
पति - श्री राम कुमार मोची
निवासी - वार्ड नं. 08 रामनगर मोतीपुर राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छःग)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भावेष कमल विश्वकर्मा माता श्रीमति सोह्द्रा विश्वकर्मा आयु 14 वर्ष निवासी- हाउस नं. 35, वार्ड नं. 05, जोब, पोस्ट- खोबा, तह. छुरिया जिला राजनांदगांव (छग.) यह शपथ करता हूँ कि मैनें अपना नाम बदलकर भविष्य कुमार विश्वकर्मा माता श्रीमति सोह्द्रा विश्वकर्मा रख लिया है। अतः आज से मेरा नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज मे नया नाम भविष्य कुमार विश्वकर्मा माता श्रीमति सोह्द्रा विश्वकर्मा से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूँ।

**भविष्य कुमार विश्वकर्मा**
माता श्रीमति सोह्द्रा विश्वकर्मा
निवासी - हाउस नं. 35, वार्ड नं. 05, जोब, पोस्ट- खोबा, तह.-छुरिया जिला राज. (छःग)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कुमारी मोनिका पति निर्मल कुमार आयु 26 वर्ष निवासी- हाउस नं. 239, वार्ड नं. 16, चिरचारीकला पो. चिरचारीकला राजनांदगांव तह. डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छग.) यह शपथ करता हूँ कि मैनें अपना नाम बदलकर मोनिका पति निर्मल कुमार रख लिया है। अतः आज से मेरा नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज मे नया नाम मोनिका पति निर्मल कुमार से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूँ।

**मोनिका**
पति - निर्मल कुमार
निवासी- हाउस नं. 239, वार्ड नं. 16, चिरचारीकला, पोष्ट चिरचारीकला, राजनांदगांव, तह.-डोंगरगांव जिला राजनांदगांव

# अंतिम पंक्ति तक योजनाओं के लाभ पर जोर, ग्राम सोनपुरी में राज्यपाल रमेन डेका का जनसंवाद

**स्व-सहायता समूहों की महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर, विद्यार्थियों व ग्रामीणों की मांगों पर संवेदनशील पहल**



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने सोमवार को अपने एक दिवसीय खैरागढ़ प्रवास के दौरान गोद ग्राम सोनपूरी में जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब इनका लाभ अंतिम पंक्ति के हितग्राही तक पहुंचे। ग्राम सोनपूरी को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए उन्होंने सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए।

### लखपति दीदियों की सफलता ने बढ़ाया उत्साह

राज्यपाल ने शासन की योजनाओं का लाभ ले चुके हितग्राहियों से फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने लखपति दीदी नीलेश्वरी वर्मा से उनके आत्मनिर्भरता के सफर की जानकारी ली। वर्मा ने बताया कि उन्होंने 50 हजार रुपए का लोन लेकर किराना दुकान शुरू की और समय पर लोन चुका कर एक लाख रुपए का दूसरा लोन लेकर व्यवसाय को आगे बढ़ाया। आज वे सफलता के साथ व्यवसाय चला रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गांव की 7 लखपति दीदियां विभिन्न व्यवसायों से जुड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही हैं।

### विद्यार्थियों और ग्रामीणों की मांग पर संवेदनशील पहल

जनसंवाद के दौरान विद्यार्थियों ने कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु आने-जाने में आर्थिक सहायता की मांग रखी। उनकी गुहार पर राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को राजभवन से 5-5 हजार रुपए सहयोग देने की घोषणा की। इसी तरह ग्रामीणों द्वारा श्मशान घाट के रख-रखाव ओर बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग पर उन्होंने राजभवन से 5 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

### महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़कर उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। इन समूहों ने न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही भविष्य में बड़े बदलाव का आधार बनते हैं।

### कलेक्टर ने दी विकास कार्यों की जानकारी

इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत चंद्रवाल ने ग्राम सोनपूरी में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आजीविका संवर्धन एवं आधारभूत ढाँचे से जुड़े विकास कार्यों की प्रगति की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के संयुक्त प्रयासों से ग्राम सोनपूरी को शीघ्र ही आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल के उप सचिव निधि साहू, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल, ग्राम सोनपुरी सरपंच सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# छग राजभाषा आयोग समारोह में सुषमा 'अंशुमन' की कविता पाठ ने लोगों को किया विमोहित

**○ कवि आनंदराम सार्वा 'अनंत' की कविता ने लूटी वाहवाही**

**○ छत्तीसगढ़ी एक भाषा नहीं बल्कि संस्कृति परंपरा और लोक जीवन की आत्मा है - बृजमोहन अग्रवाल**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का 19वां स्थापना दिवस समारोह रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में राज्य भर से बड़ी संख्या में साहित्यकारों और कवियों ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व संस्कृति मंत्री और वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल थे।

### कविताओं ने बांधा समा

समारोह में संस्कारधानी राजनांदगांव के कवियों ने अपनी प्रभावी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कवयित्री श्रीमती सुषमा शुक्ला 'अंशुमन' ने अपनी नारी व्यथा और मोबाइल की विसंगतियों पर आधारित कविताओं का पाठ कर खूब वाहवाही लूटी। इसी तरह ग्राम्य कवि आनंदराम सार्वा 'अनंत' ने अपनी 'पुरखा मन के सुरता' (पूर्वजों की यादें) वाली छत्तीसगढ़ी कविताओं से लोगों का दिल जीता। जिला समन्वयक आत्माराम कोशा 'अमात्य' के नेतृत्व में राजनांदगांव के कई साहित्यकारों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यहां वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू की छत्तीसगढ़ी साहित्य पर लिखित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसे पूरे प्रदेश से आए अतिथियों ने सराहा।

### छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति की आत्मा

मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और लोक जीवन की आत्मा है। उन्होंने लोगों से रोजमर्रा की बातचीत में छत्तीसगढ़ी का अधिक से अधिक उपयोग करने का आग्रह किया ताकि अपनत्व की भावना बनी रहे। रायपुर के विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू और अनुज शर्मा भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। उन्होंने साहित्यकारों से छत्तीसगढ़ी में अधिक लिखकर भाषा को समृद्ध करने की अपील की। कार्यक्रम में संस्कृति एवं राजभाषा के संचालक विवेक आचार्य और सचिव अनिल यादव भी उपस्थित थे।

### आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

इस अवसर पर, राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा 'अमात्य' ने मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल से छत्तीसगढ़ी भाषा को केंद्र की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए सभी सांसदों से संसद में आवाज उठाने का अनुरोध किया। इससे छत्तीसगढ़ी को भी अन्य भारतीय भाषाओं की तरह राजभाषा का दर्जा मिल सकेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' ने किया और आभार प्रदर्शन राजभाषा आयोग की सचिव अभिलाषा बेहार ने किया।

# रेल यात्रियों की सुविधा हेतु चर्लापल्ली-रक्सौल-चर्लापल्ली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन सेवाओं का विस्तार



राजनांदगांव (दावा)। रेल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। चर्लापल्ली-रक्सौल-चर्लापल्ली के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन सेवाओं को अब 27 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। यह ट्रेन अपनी वर्तमान समय-सारिणी, ठहराव और कोच संरचना के साथ पहले की तरह ही चलती रहेगी।

### विस्तारित यात्रा का शेड्यूल

रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 07005 चर्लापल्ली-रक्सौल स्पेशल अब 6, 13, 20, 27 अक्टूबर और 3, 10, 17, 24 नवंबर तक चलेगी। इसी तरह, वापसी में ट्रेन संख्या 07006 रक्सौल-चर्लापल्ली स्पेशल 9, 16, 23, 30 अक्टूबर और 6, 13, 20, 27 नवंबर तक अपनी सेवाएं देगी।

### ट्रेन की संरचना

यह स्पेशल ट्रेन कुल 24 कोचों से बनी है। जिसमें 1 एसी फर्स्ट क्लास, 3 एसी-2 टियर, 2 एसी-3 टियर, 12 स्लीपर कोच, 4 सामान्य श्रेणी और 2 सीटिंग-कम-लगेज रैक शामिल हैं। इस विस्तार का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करना और उन्हें इन मार्गों पर आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।

# कैट, उद्योगपति वर्ग एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के संयुक्त तत्वावधान में श्री योजना पर कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में श्री योजना 2025 विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन माहेश्वरी भवन राजनांदगांव में 28 अगस्त गुरुवार दोपहर 3 बजे से आयोजक कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कर्मचारी राज्य बीमा निगम श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यशाला में प्रदेश एवं जिले के प्रमुख व्यापारी, उद्योगपति तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। विशेष उपस्थिति एस.एन. मंडल (अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम), ताराचंद साहू (ब्रांच मैनेजर, ईएसआईसी राजनांदगांव), व्यापारिक नेतृत्व-कैट प्रदेश संरक्षक अनिल बड़ाडिया, कैट जिला अध्यक्ष राजेश डागा, निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष (चैंबर) आलोक बिंदल, तरुण लाहरवानी के साथ ही प्रमुख व्यापारी प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, सुनील मुंदड़ा, शरद अग्रवाल, राजा मखीजा, संजय तेजवानी, रमेश जैन (राइस मिल), प्रकाश चंद जैन, सुनील उभरानी, विकास अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, सूरज खंडेलवाल, रोहित मखीजा, घनश्याम वाधवानी, अमित खंडेलवाल, सोहन देवांगन, मंसाराम मोटलानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहेंगे।

### योजना की प्रमुख विशेषताएं

श्री के तहत पंजीकरण करने वाले नियोक्ताओं के लिए कवरेज से पूर्व की अवधि में कोई निरीक्षण या कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। कवरेज नियोक्ता द्वारा घोषित तिथि से मान्य होगी। पंजीकरण की तारीख से कर्मचारियों को योजना का लाभ मिलेगा। कर्मचारियों को स्वयं एवं परिवार हेतु कैशलैस चिकित्सा सुविधा बीमारी, मातृत्व, दुर्घटना/मृत्यु पर नकद सहायता मेडिकल/डेंटल कॉलेजों में बच्चों के लिए आरक्षित सीटें नियोक्ता श्रम सुविधा पोर्टल, एसीक पोर्टल या एमसी पोर्टल के माध्यम से आसानी से पंजीकरण कर सकते हैं।

कैट जिला अध्यक्ष राजेश डागा ने कहा कि यह योजना पूर्वव्यापी दंड के डर को समाप्त करती है। नियोक्ता इस अवसर का लाभ उठाकर अपने कर्मचारियों को सुरक्षित और गरिमामय कार्य वातावरण प्रदान करें। उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# माहेश्वरी सभा राजनांदगांव द्वारा प्रदीप गांधी का अभिनंदन



राजनांदगांव (दावा)। माहेश्वरी सभा राजनांदगांव ने हाल ही में आयोजित अपने वनभोज और प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्व सांसद प्रदीप गांधी का अभिनंदन किया। यह सम्मान उन्हें कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के चुनाव में सर्वाधिक 507 मतों के साथ विजयी होने पर दिया गया। समाज के प्रमुख सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया।

### समाज के प्यार और समर्थन का आभार

इस अवसर पर प्रदीप गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें हमेशा समाज का प्यार और स्नेह मिला है। जिसने उनके मनोबल को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि उनकी इस जीत में पूरे देश के सांसदों के साथ-साथ उनके समाज का भी बड़ा योगदान है और यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के अध्यक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चतुर्भुज राठी, दामोदर दास मूंदड़ा, बृज किशोर सुरजन, दिनेश गांधी, राधाकिशन राठी, सूर्यकांत चितलांगिया और अध्यक्ष पवन डागा सहित माहेश्वरी समाज के कई अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। इन सभी ने प्रदीप गांधी को उनकी सफलता पर बधाई दी।

# कांग्रेस सेवादल ने संस्थापक डॉ. हार्डीकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकर के निर्देशानुसार बुधवार 26 अगस्त को सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 10, शीतला माता मंदिर चौक, राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शहर जिला कांग्रेस सेवादल के नेतृत्व में सुबह 10 बजे से हुआ। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल एवं महिला अध्यक्ष पायल बारमाटे की उपस्थिति में नई सदस्य नम्रता रामटेके, किरण स्वरूप, रंजना बागड़े और कुंती वर्मा को कांग्रेस सेवादल की सदस्यता दिलाई गई। कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता पंकज बांधव ने डॉ. हार्डीकर के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरणा मिलती है और कांग्रेस सेवादल पार्टी का सबसे मजबूत संगठनात्मक विंग है। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, रिंकू खान, नारायण यादव, कादिर खान, राजू रंगारी, यादवराम भीमटे, ढ़ालशिंग, राजू बारमाटे सहित महिला सेवादल, यंग ब्रिगेड, सोशल मीडिया एवं समन्वयक टीम के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. हार्डीकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं सूत की माला पहनाकर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की जानकारी सेवादल के महामंत्री बुधराम साहू ने दी।

# चौकी जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी भाजपा से 6 वर्षों के लिए निष्कासित

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई ने जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी के उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद तिवारी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर की गई है।

### निष्कासन की वजह

पार्टी द्वारा जारी किए गए निष्कासन पत्र के अनुसार, शंकर तिवारी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2025 के दौरान अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ बागी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के कारण निष्कासित किया गया है। पार्टी ने इस कृत्य को अनुशासनहीनता माना है। यह निष्कासन पत्र प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के हस्ताक्षर से जारी किया गया है और यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### अन्य आरोप और स्पष्टीकरण

पार्टी सूत्रों के अनुसार कौडिकसा मंडल ने शंकर तिवारी पर कोरचाटोला पंचायत की सरपंच नीलिमा ठाकुर से काम दिलाने के बदले 15,000 रुपये के लेन-देन का आरोप लगाते हुए भी निष्कासन की मांग की थी। हालांकि, पार्टी ने इस आरोप को निष्कासन का आधार नहीं बनाया। भाजपा ने अपने अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ने को ही मुख्य कारण मानते हुए यह कार्रवाई की है। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, दिलीप वर्मा ने भी इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शंकर प्रसाद तिवारी को जनपद पंचायत चुनाव 2025 में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ लड़ने के आधार पर भाजपा प्रदेश इकाई ने छह वर्षों के लिए निष्कासित किया है।

# हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं, गरीब आदमी का माखौल

दुर्ग । यदि हेलमेट न पहना हो तो पेट्रोल नही मिलेगा। यह आदेश जारी किया है दुर्ग कलेक्टर ने। भले ही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो, सड़क चलने के काबिल न रहे, हालांकि शहर के भीतरी मार्गों पर आप 10 या 20 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड पर चलो, मगर सिर पर हेलमेट जरूरी है। यह अफसरशाही का ताजा नमूना है। सुविधा दे नही सकते, पर ठीकरा जरूर फोड़ सकते हैं। आज शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भले चरमरा गई हो, सड़क पर बेतरतीब गड्ढे बन आये हो, पर उसकी फिकर करने इन अधिकारियों के पास समय नही।

# गौरक्षा के ओमकुमार जिलाध्यक्ष व प्रकाशचंद उपाध्यक्ष बने



राजनांदगांव (दावा)। बजरंग सेना ने 25 अगस्त को कई कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया है। यह नियुक्तियां जयपुर स्थित प्रधान कार्यालय 17 बालाजी विहार मुरलीपुरा से राष्ट्रीय कोर कमेटी और संस्थापक बजरंग सेना प्रमुख पं. अशोक शर्मा और राष्ट्रीय अध्यक्ष भैय्यू यादव भैया की सहमति से की गई हैं।

नियुक्त पदाधिकारियों का विवरण : ओम कुमार जिला अध्यक्ष गौरक्षा, खुमेश कुमार साहू प्रदेश मंत्री गौरक्षा, प्रकाशचंद सिन्हा प्रदेश उपाध्यक्ष, आकाश कुमार बिसेन जिला संगठन मंत्री, सागर यादव शहर अध्यक्ष बनाए गए है। बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कोचरे ने बताया कि इन सभी कार्यकर्ताओं के संस्कार, नम्रता, हिंदू समाज और सनातन संस्कृति के प्रति उनकी श्रद्धा को देखते हुए उन्हें ये जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### संगठन के प्रमुख उद्देश्य

बजरंग सेना का मुख्य उद्देश्य सेवा, शौर्य, सुरक्षा और संस्कार को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, संगठन के प्रमुख लक्ष्यों में भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना, गौ-रक्षा, सनातन संस्कृति की रक्षा करना, नशा मुक्त राष्ट्र का निर्माण करना, समाज में सेवा और सहायता प्रदान करना तथा बिखरे हुए हिंदुओं को एकजुट करना शामिल है। इन नियुक्तियों के बाद बजरंग सेना के सभी सदस्यों और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है और उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस संबंध में जानकारी प्रदेश महामंत्री कृष्णा तिवारी ने दी।

# ईतवारी रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। इतवारी रेलवे स्टेशन पर 22 अगस्त को हुई मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सीसीटीवी फुटेज और गहन जांच के बाद संभव हो पाई।

### क्या था मामला?

22 अगस्त को इतवारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पर एक यात्री का मोबाइल फोन चोरी हो गया था। जिसे वह चार्जिंग पर लगाकर गया था। इस घटना के बाद जीआरपी इतवारी में आईपीसी की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए मंडल सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर के दीप चंद्र आर्य ने तत्काल सीसीटीवी फुटेज की जांच के निर्देश दिए। इसके बाद आरपीएफ और जीआरपी इतवारी की एक संयुक्त टीम ने 23 अगस्त को एक तलाशी अभियान चलाया।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इतवारी रेलवे स्टेशन के पीआरएस काउंटर के पास तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लोकेन्द्र रामेश्वरी प्रसाद मिश्रा (उम्र 32, निवासी बालाघाट), ललित प्रेमलाल मरसकोले (उम्र 32 निवासी सिवनी) और राजेंद्र भरतलाल पटेल (उम्र 32 निवासी बालाघाट) के रूप में हुई है। आरोपियों ने बताया कि मुख्य आरोपी लोकेन्द्र ने मोबाइल चोरी किया था। जबकि अन्य दो आरोपी ललित और राजेंद्र ने यात्री को बातों में उलझाकर उसका ध्यान भटकाने में मदद की। पुलिस ने चोरी किया गया मोबाइल बरामद कर लिया है। तीनों आरोपियों को कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी इतवारी को सौंप दिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखें तो तुरंत इसकी सूचना नजदीकी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, जीआरपी थाना या टोल फ्री नंबर 139 पर दें।

# डिलापहरी में छात्राओं को मिली नई राह, साइकिल पाकर खिले चेहरे

**जिला पंचायत सदस्य व सभापति शीला टाकेश सिन्हा ने किया वितरण**



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सीधा लाभ अब गांव-गांव तक पहुंच रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की सदस्य एवं सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने ग्राम डिलापहरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। छात्राओं को जैसे ही नई-नई चमचमाती साइकिलें मिलीं उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कई छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में परेशानी नहीं होगी और वे समय पर पढ़ाई कर सकेंगी।

श्रीमती सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। विशेषकर ग्रामीण अंचलों की छात्राओं को पढ़ाई में किसी तरह की बाधा न आए। इसके लिए सरस्वती साइकिल योजना वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि हर बेटी पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बने और समाज में अपनी अलग पहचान बनाए। सभापति ने यह भी कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी है और इस दिशा में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से न केवल बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ रही है। बल्कि अभिभावकों का भी भरोसा मजबूत हो रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोविंद वर्मा सरपंच, जनक लाउत्रे अध्यक्ष, रमनलाल सेंडे प्राचार्य, छत्रकुमार वर्मा पंच, देवनाथ वर्मा भूतपूर्व शिक्षक, मोहन वर्मा भूतपूर्व शिक्षक, मदनलाल वर्मा भूतपूर्व शिक्षक, एकता सिजारिया सचिव सहित विद्यालय के शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सबने मिलकर इस योजना की सराहना की और इसे बेटियों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

## अनमोल दावा

> **"काबिल लोग न तो किसी को दबाते हैं और न किसी से दबते हैं।"**

## चुनाव प्रक्रिया से भरोसा डिगाने की चेष्टा, देश को अभी भी संवैधानिक मर्यादा और जिम्मेदार राजनीति की जरूरत

कई बार आधारहीन, किंतु लोक-लुभावन जुमले लोकतंत्र को घातक चोट पहुंचाते हैं। वोट-चोरी जैसा आरोप इसी तरह के प्रयासों में से एक है। लोकतंत्र केवल चुनावों से ही नहीं, अपितु चुनाव-प्रक्रिया पर जनता के भरोसे पर पुष्पित-पल्लवित होता है।

इसके लिए जरूरी है कि मतदान केंद्र पर कतार में अपनी बारी का इंतजार करते हुए मतदाताओं के मन में यह अटूट भरोसा हो कि उनका वोट सुरक्षित है और उनका निर्णय देश की दिशा तय करेगा। हाल के दिनों में कांग्रेस की आगुआई में कुछ दलों द्वारा वोट-चोरी जैसे आरोपों ने इस विश्वास को चुनौती देने का प्रयास किया है। इससे चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की साख को चोट पहुंच रही है।

संविधान निर्माताओं ने संविधान के भाग-15 में एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोग की स्थापना की। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए संसद ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 तथा रजिस्ट्रेशन आफ इलेक्टोरल रूल्स-1960 बनाया, जिनमें मतदाता सूची के निर्माण, उसका प्रकाशन, उन पर आपत्तियों का आमंत्रण और उनके सम्यक निस्तारण की चरणबद्ध व्यवस्था है। यदि कोई व्यक्ति किसी अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट है तो उसे अपील का अधिकार है।

उसके पास अनुच्छेद 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय जाने का विकल्प भी उपलब्ध है। इस पूरी कानूनी व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि किसी के साथ अन्याय न हो। एक व्यक्ति को केवल एक जगह ही मतदान का अधिकार हो। किसी का नाम छूट गया है तो वह अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन करे और किसी ऐसे व्यक्ति का नाम जुड़ गया है, जो मतदाता होने का हकदार नहीं है, तो उस पर आपत्ति दर्ज करके उसे हटाया जा सके। यह पूरी प्रक्रिया दुनिया के दूसरे किसी भी लोकतंत्र से अधिक पारदर्शी है। यही कारण है कि शीर्ष न्यायालय ने कभी इस प्रक्रिया पर प्रश्न नहीं उठाया। चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों का सबसे निराशाजनक पहलू यह है कि यह अपनी असफलता को छिपाने के लिए किया जा रहा है। हालांकि देर-सबेर जनता इसकी सच्चाई को समझ जाएगी, किंतु कई बार इससे फौरी तौर पर घातक और कई बार अपूरणीय क्षति हो जाती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 के चुनावों के बाद इसी तरह के जुमले का प्रयोग करते हुए चुनाव-चोरी का आरोप लगाया था। परिणाम यह हुआ कि अमेरिका के लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार कैपिटल हिल पर हिंसा भड़क उठी और अमेरिकी लोकतंत्र की छवि को गहरी चोट पहुंची। ब्राजील भी इस तरह के आरोपों की सजा भुगत चुका है। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश भी इसकी कीमत चुका रहे हैं। चूंकि हमारे देश में एक मजबूत कानूनी एवं न्यायिक ढांचा है और अधिकांश जनता भी परिपक्व है, लिहाजा किसी उथल-पुथल की आशंका नहीं है। इस तरह के सस्ते हथकंडों का प्रयोग राजनीतिक दलों की नींव को ही कमजोर करता है।

लोकतंत्र में आलोचना का अधिकार सभी को है। यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया में किसी का नाम जुड़ने या हटने पर आपत्ति है, तो उसे अदालत जाने का अधिकार है, किंतु इन विकल्पों के प्रयोग के बजाय किसी प्रमाण के बिना ही च्वोट चोरीज् जैसे जुमले के प्रयोग से जनता में भ्रम और संदेह फैलता है, जो किसी के भी हित में नहीं है। राजनीतिक दलों का दायित्व है कि वे राजनीतिक लड़ाई के लिए झूठ और फरेब का सहारा न लें। वे जनता को लोकतंत्र की शक्ति में विश्वास दिलाएं। उन्हें निराश न करें।

# गणेश हैं विघ्नहर्ता-मंगलकर्ता एवं जीवंत राष्ट्रीयता के प्रतीक



**-ललित गर्ग-**

भारतीय संस्कृति और धर्मजगत में गणेशजी का स्थान अद्वितीय है। वे विघ्नहर्ता, बुद्धिदाता, मंगलकर्ता और उन्नत राष्ट्र-निर्माता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत उनके पूजन के बिना अधूरी मानी जाती है। उनके स्वरूप में ही गहन प्रतीकात्मकता निहित है, हाथी का विशाल मस्तक विवेक और दूरदर्शिता का प्रतीक है, छोटा मुख संयमित वाणी का द्योतक है, बड़े कान अधिक सुनने और कम बोलने की शिक्षा देते हैं, छोटा नेत्र गहराई से देखने की प्रेरणा देता है और विशाल उदर सहिष्णुता व समावेशिता का बोध कराता है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं, ऐसे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव का जन्मोत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को सम्पूर्ण दुनिया में उमंग एवं हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है।

भारतीय धर्म-दर्शन में गणेश जी 'आरंभ के देवता' हैं। वैदिक परंपरा से लेकर पुराणों और लोककथाओं तक, वे हर युग में 'मार्गदर्शक' बने रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें 'सर्वोपास्य' देवता कहा गया, सभी पंथों, संप्रदायों और वर्गों के लोग उनके पूजन में समान रूप से भाग लेते हैं। गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। जैन एवं बौद्ध धर्मों में भी गणेश पूजा का विधान है। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। गणेश जी का पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का माध्यम भी है। स्वतंत्रता संग्राम के दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को सार्वजनिक रूप दिया। इससे गणेश चतुर्थी केवल पारिवारिक पर्व न रहकर जनजागरण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गई। तिलक ने इसे



सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना के मंच के रूप में स्थापित किया, जिसने भारत को स्वतंत्रत संग्राम के लिए एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है। आज के समय में जब समाज विभिन्न मत-मतांतरों, भाषाओं और संस्कृतियों में बंटा दिखाई देता है, तब गणेशजी पुनः राष्ट्रीय एकता के प्रतीक बनकर सामने आते हैं। उनका स्वरूप हमें विविधता में एकता, सहिष्णुता, धैर्य और विवेकपूर्ण निर्णय की प्रेरणा देता है। गणेश जी हमें बताते हैं कि बुद्धि और करुणा का समन्वय ही प्रगति का मार्ग है। आज जब विश्व हिंसा, कट्टरता और असहिष्णुता से जूझ रहा है, तब गणेश चतुर्थी का पर्व हमें समन्वय और सहयोग का संदेश देता है। वे केवल धार्मिक आस्था के देवता ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक और राष्ट्रीय एकता के जीवंत प्रतीक हैं।

हिन्दुओं में गणेशजी के जन्म के विषय में अलग-अलग कथाएँ प्रचलित हैं। वराह पुराण के अनुसार स्वयं शिव ने पंच तत्त्वों को मिला कर गणेश का निर्माण बहुत तन्मयता से किया। जिससे वे अत्यंत सुन्दर और आकर्षक बने तो देवताओं में खलबली मच गयी, स्थिति को भांप कर शिव ने गणेश के पेट का आकार बढ़ा दिया और सिर को गजानन की आकृति का कर दिया ताकि उनके सौन्दर्य और आकर्षण को कम किया जा सके। शिव पुराण के अनुसार एक बार पार्वती ने अपने उबटन के मैल से एक पुतला बनाया और उसमें जीवन डाल दिया। इसके उपरांत उन्होंने इस जीवधारी पुतले को द्वार पर प्रहरी के रूप में बैठा दिया और उसे आदेश दिया कि वह किसी भी व्यक्ति को अंदर न आने दे। इसके बाद वे स्नान करने लग गई। संयोगवश कुछ ही समय बाद शिव उधर आ निकले। उनसे सर्वथा अपरिचित गणेश ने शिव को भी अंदर जाने से रोक दिया। इस पर शिव अत्यंत क्रोधित हुए और उन्होंने अपने त्रिशूल से गणेश का मस्तक काट दिया। पार्वती ने यह देखा तो वे बहुत दुखी हुई। तब पार्वती को प्रसन्न करने के लिए शिव ने एक हाथी के बच्चे का सिर गणेश के धड़ से लगाकर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। तभी से गणेश, गजानन कहलाए। लेकिन बालक की आकृति से पार्वती बहुत दुखी हुई तो सभी देवताओं ने उन्हें आशीर्वाद और अतुलनीय उपहार भेंट किए, उन्हें प्रथम देव के रूप में सभी अधिकार प्रदत्त किये। इंद्र ने अंकुश, वरुण ने पाश, ब्रह्मा ने अमरत्व, लक्ष्मी ने ऋद्धि-सिद्धि और सरस्वती ने समस्त विद्याएँ प्रदान कर उन्हें देवताओं में सर्वोपरि बना दिया।

ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी। आज के शासनकर्ताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सहिता

# साप्ताहिक डायरी: छत्तीसगढ़ में तीजा तिहार और रूस के परमाणु बिजली संयंत्र पर यूक्रेनी ड्रोन हमला

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज छत्तीसगढ़ में तीजा त्योहार है। यह छत्तीसगढ़ में सुहागिनों का सबसे बड़ा पर्व है। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि हरतालिका तीज व्रत के रूप में मनाई जाती है। पिछले कई दिनों से ट्रेनों और बसों में भीड़भाड़ है। विवाहित बेटियां यह पर्व अपने मायके में मनाती हैं और माता-पिता, भाई अपनी पुत्रियों या बहनों को उनकी ससुराल से लेकर अपने घर पहुंचते हैं।

यहाँ पुत्री का आत्मीय स्वागत होता है और उन्हें विशेष रूप से साड़ी समेत अन्य भेंट प्रदान की जाती है। माता-पिता आर्थिक दृष्टि से भले ही संपन्न न हों, लेकिन पुत्री के आगमन पर वे यथासंभव अपनी सामर्थ्य से कहीं अधिक स्वागत सत्कार और लोक व्यवहार करते हैं। यह पर्व माता पार्वती द्वारा देवाधिदेव महादेव को अपने पति के रुप में प्राप्त करने के लिए रखे गए कठोर व्रत का स्मरण कराता है। नारियाँ तीज के पहले दिन करुभात खाती हैं।वे निर्जला व्रत रखती हैं और पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना करती हैं। मातृशक्ति को और विशेष रूप से पुत्री को समर्पित यह अनूठा त्योहार है। यह व्रत कुंवारी कन्यायें भी रख सकती हैं। आज जब यह कठिन व्रत शुरु हो चुका है, तो तिजहारिनों का उत्साह और मायके में आकर उनकी प्रसन्नता देखते ही बनती है। भांचा राम और पार्वती सम पुत्री की अवधारणा वाले हमारे इस राज्य की यह अद्भुत परंपरा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तमाम दावों-प्रतिदावों के बावजूद रूस-यूक्रेन युद्ध थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार यूक्रेन ने रूस के पश्चिमी क्षेत्र कुर्स्क में स्थित एक परमाणु बिजली संयंत्र पर ड्रोन हमला किया। रूस ने अपने विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे और यूक्रेनी हमलों का दावा किया है। संघर्ष के परमाणु प्रतिष्ठानों तक पहुंचने की खबर अत्यंत चिंताजनक है।

इसरो ने अपने महत्वाकांक्षी गगनयान की तैयारी के उद्देश्य से इंटिग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट का सफल परीक्षण किया। यह भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरिक्ष से लौटते समय सुरक्षित लैंडिंग में सहायक होगा।

सीआईएसएफ ने मध्य प्रदेश के बड़वाह क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में पहली महिला कमांडो टीम बनाई है। नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक और उपलब्धि।

जब यह आलेख प्रकाशित होगा तो वह दिन गणेश चतुर्थी का होगा। छत्तीसगढ़ में एक और लोक उत्सव। प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की कृपा हम सब पर हो।

## सामयिक चर्चा

### टैरिफ समस्या का हल आत्मनिर्भरता पर बल

आज खबर पढ़ कर
''वाह! क्या बात है! कह कर,
बानी बोले-''सुनिए गजाधर!
पीएम मोदीजी ने अहमदाबाद की
आम सभा में ऐलान किया
चाहे कोई कितना भी दबाव डाले
आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है।''
आगे उन्होंने यह बात भी कही है-
मैं गांधी की धरती से
ये बात कह रहा हूँ-
हम दबाव के बीच भी रास्ता निकाल लेंगे ।
देशवासियों का हित
हमारे लिए सर्वोपरि है।
हम देशवासियों के हित के लिए काम करेंगे।
गजाधर! मोदी जी का बयान
ऐसे समय में आया हैं जब 27 अगस्त से
ट्रम्प भारत पर 25 प्रतिशत एक्सट्रा
टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं।
इससे पहले वे 25 प्रतिशत
टैरिफ की घोषणा कर चुके है
यानी भारत के लिए कुल
पचास प्रतिशत टैरिफ हो जाएगा!
गजाधर! कहिए इस पर,
आपके अपने मन में जो विचार आएगा ।''
गजाधर मुस्कराए बोले-बानी!
मालूम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भी
लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल
की धरती के हैं।
तो मोदी जी के मन-बुद्धि विचार में भी
वही लोहे जैसी दृढ़ता हैं
तो वे अपने भारत को पूर्ण रूप से
आत्मनिर्भर बनाना चाहेंगे।
और टैरिफी ट्रम्प को
इस तरह झुकाना चाहेंगे।



**गिरिश बख्शी**

## कविता

### जय गनेस देव

जय हो जय हो जय हो गनेस देव
जय हो जय हो जय हो गनेस देव
बिनती ल मोर सुन देव
तोर पुजा होथे संझा बिहनिया
लइका सियान करथे जहुरिया
सबके मन ल मडा देव
तोर हावय दु झन रिद्धि अउ सिद्धि
मोर हावय एक झन नइये फेर बुद्धि
मोर सुवारी ल म मति देव
खाथस तय लाडु अउ मेवा
करथस दाई अउ ददा के सेवा
दाई तोर पारबती ददा महादेव
बिगड़ी के बनइया कहिथे तोला
सुख शांति के देवइया कहिथे तोला
सब झन देहस महु ल दे देव
जय हो जय हो
जय हो गनेस देव
बिनती ल
मोर सुन लेव



डॉ.एस.एल.गंधर्व
झलमला, बालोद
9926656038

हमारा देश सदियों से धार्मिक और सांस्कृतिक सद्भावना का केंद्र रहा है। जहाँ पर यहाँ के जन-मानस में अपने धर्म के प्रति, अपने अराध्य और इष्ट देवता के प्रति सच्ची आस्था, विस्वास और श्रद्धा की झलक देखने को मिलती है। और यही झलक अन्य देशों से एक अलग पहचान कराती है। जहाँ पर अनेक धर्म जाति सम्प्रदाय, भाषा बोली में विविधता के होते हुए भी अनेकता में एकता देखने को मिलती है। और ऐसा प्यारा झलक तब देखने को मिलती है जब हमारे देश में कोई पर्व, जयंती, या कोई धार्मिक कार्यक्रम का आगमन हो या आयोजन हो।हम बात कर रहे हैं धर्मिक पर्व जयंती या कार्यक्रम की।जैसे कि गणेश चतुर्थी, नवरात्रि, रामनवमी, मकर संक्रांती पर्व आदि। गणेश स्थापन के लिए नाना प्रकार के पंडाल, बनाये गये हैं। जहाँ पर पूरे नौ दिनों तक गणेशोत्सव का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। गणेश जी की पूजा पहले क्यों की जाती है-

हमारे धर्म ग्रंथों में यह कथा आती है कि- माता पार्वती को एकबार सारे देवताओं ने मिलकर अमृत से बना हुआ एक दिव्य मोदक प्रदान किया। ऐसे दिव्य मोदक को देखकर माता पार्वती के दोनो पुत्र कार्तिकेय और गणेश जी उसे प्राप्त करने की इच्छा जागृत की। और फिर क्या था दोनो भाई उस दिव्य मोदक को मांगने लगे।तब माता पार्वती ने एक शर्त रख दी।दोनो भाइयों ने माता से पूछा क्या शर्त है माता श्री? तब माता ने उस दिव्य मोदक के महत्व का वर्णन करते हुए कहा-

## लघु कथा

### प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी

''तुम दोनो धर्म का आचरण करते हुए श्रेष्ठता प्राप्त कर सारे तीर्थों की यात्रा करके जो पहले आएगा उसे ही यह मोदक मै प्रदान करूंगी।''

माता पार्वती की ऐसी बातें सुनकर बिना देरी किये कार्तिकेय जी अपने वाहन में बैठकर शुभ घड़ी में ही सारे तीर्थों में स्नान करके माता के समक्ष आ खड़ा हुआ। उधर गणेश जी का मुषक वाहन होने के कारण यात्रा करने में असफल रहे।तब गणेश जी उसी समय चतुराई दिखाते हुए झट से अपने माता-पिता की परिक्रमा कर लिए।और दोनो माता-पिता के पास जाकर खड़े हो गये। इसको देखकर माता पार्वती प्रसन्न हो गई और उन्होंने कहा कि-''समस्त तीर्थ स्थल में किया गया स्नान, सम्पूर्ण देवताओं को किया गया नमस्कार,और सभी यज्ञों का अनुष्ठान तथा सभी प्रकार के व्रत-साधना-अराधना, मंत्र-जाप, योग संयम-नियम का पालन ये सभी प्रकार के साधना माता-पिता के सेवा-पूजन के सोलहवें अंश के बराबर भी नही होते।इसलिए यह गणेश सैकड़ों पुत्रों और सैकड़ों गणों से भी बढ़कर है। अतः यह मोदक मैं गणेश को ही अर्पण करती हूँ। माता-पिता की भक्ति के कारण ही इसकी प्रत्येक यज्ञ में सबसे पहले पूजा होगी।''

गणपति भगवान को प्रथम पूज्य स्थान क्यो मिला-
गणपति को प्रथम पूज्य स्थान क्यो मिला ?

क्योकि उन्होंने अपने माता-पिता को इतना सम्मान दिया कि उन्ही की परिक्रमा करके कह दिया कि- ''माता श्री मैंने पूरी पृथ्वी की परिक्रमा कर ली।'' यह दर्शाता है कि हमें भी अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए।

भगवान गणेश की सबसे पहले पूजा-
भगवान गणेश की सबसे पहले पूजा की जाती है।
सब देवों में वो अग्रणीय हैं। इसीलिए उनकी पूजा करने के बाद ही कोई भी शुभ कार्य आरम्भ किया जाता है।भगवान गणेश को विघ्न-विनाशक और बुद्धि के देवता के रूप में माना जाता है।इनकी पूजा मंगल कार्यों में सबसे पहले पूजा की जाती है ताकि उनका आशीर्वाद प्राप्त हो सके।

भगवान गणेश की महिमा- भगवान गणेश के बड़े-बड़े कान हैं। आँखे छोटी-छोटी और पेट बड़ा है। यह सभी प्रतीक स्वरूप है। अर्थात कान हमेशा खुले रखो ताकि, दुनिया की बुराई, निंदा-चुगली से प्रभावित न हो सको। आँखे छोटी होने का अर्थ है कि संसार की ओर अपनी दृष्टि को नही रखनी चाहिए, बल्कि भगवान की ओर दृष्टि रखनी चाहिए। बड़ा पेट अर्थात लम्बोदर यह दर्शाता है कि दुनिया की बातें पेट में छुपा के रख लो, इसको किसी के सामने प्रकट न करो। और इस प्रकार भगवान को हृदय में बसाकर उसको ध्यान करो,उसकी स्तुति करो ताकि उसका आशीर्वाद प्राप्त हो सके।



**अशोक पटेल ''आशु''**

## कविता

### विघ्न विनाशक श्री गणेश जी

दुःख विनाशक, सुखदायक को
शत्-शत् प्रणाम,
हे लम्बोदर, बाधा, विपत्ति हर,
सब विधि कार्यसफल कर,
विमल बुद्धि दाता, सुविमल मति के दाता,
ऋद्धि-सिद्धि के स्वामी हैं,
विघ्न विनाशक, शुभगुण कानन।
धर्म एवं वर्ण को शुचि कर करें वंश की रक्षा,
विद्या-विनय भाव जगाए सदा, न हो कुबुद्धि,
हे एकदंत! मन में हो शिव मंगल कामना,
सदासत्य बरसाओं, सुन्दर हो तन-मन, विवेक।
सुर, नर पूजित गणनायक को, मुनि शीश झुकाए,
अमल, अविगत गति, शशिभाल गजानन,
पिंगल नयन, विशाल शुंडघर, गजबदन विनाशक की,
विनायक उत्सव ने जलाई स्वर्तयता की अलख,
तिलक ने भारत के विघ्न अंग्रेजी शासन को हिला दिया,
मिली आजादी विनायक की पूजा से, न हो कभी विस्मृत।
हमारे कार्यों में हो प्रथम वंद्यमान चतुरानन की पूजा
लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती के बिना सिद्ध नहीं, दीपोत्सव
हर दंपत्ति का जीवन विघ्न विनाशक की पूजा से होता है आरंभ।
रामचरित मानस का प्रारंभ होता है वाणी विनायक से,
वर्णानामर्थ संघानां रसानां छन्दसामपि।
मंगलां च कर्त्तारौ वन्दे वाणी विनायकी।
तुलसी-अक्षरों, वर्णसमूहों, रसों, छन्दों
और मंगलों की करने
वाली सरस्वती जी
तथा गणेश जी की
मैं वन्दना करता हूँ।



देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़
9424129646

## राशिफल



**मेष**

आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज आप किसी नए कार्य की शुरुआत करेंगे, जिसमें आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज आपका सामाजिक गतिविधियों में भी रुझान बढ़ेगा। आज आप फाइनेंस से रिलेटिड सारे काम समय पर निपटा लेंगे। इस राशि की महिलाएं घर से ही किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकती हैं, जिसमें परिवार का पूरा सपोर्ट रहेगा।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलेंगे और अपनी जीवन शैली में बदलाव करेंगे। आज आप किसी चीज को बिना जाने ङ्क समझे उसके बारे में फैसला करने से बचें। आज आपको अपने करियर को लेकर थोड़ी उलझन हो सकती है, लेकिन किसी समझदार व्यक्ति का साथ मिलने से राहत मिलेगी।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। इस राशि के बच्चे आज मन लगाकर पढाई करेंगे, जिससे टेस्ट में अच्छे अंक प्राप्त होंगे। आज आपका धार्मिक तथा आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों में कुछ समय बीतेगा, साथ ही जरूरतमंद लोगों की सहायता करके मानसिक सुकून भी मिलेगा।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। आज आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है, जिससे आपका मन शांत रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं, जहां आपको आनंद की एक अलग ही अनुभूति होगी। आज आप जितना हो सकें दूसरों की राय लेकर ही किसी काम की शुरूआत करें सफलता मिलनी तय है।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको किसी करीबी से शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे आपका दिन बन जायेगा। आज आप अपने बच्चों का आत्म बल बनाये रखने में सहयोग अवश्य करेंगे। आज कर्मचारियों की मदद से बिजनेस की गतिविधियां ठीक तरह से चलती रहेंगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आपको अपने काम से रिलेटिड अथॉरिटी मिल सकती है।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। आज घर में परिवारजनों के साथ मिल-जुलकर कुछ नवीनीकरण व साज-सज्जा को लेकर विचार-विमर्श रहेगा। आज ऑफिस में चल रहा प्रोजेक्ट पूरा होने से राहत मिलेगी, जिससे अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको सरकारी कामों में समझदार व्यक्ति से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आपका व्यक्तित्व व रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना लोगों के बीच आकर्षण का कारण बनेगा। आज आप अपनी कार्यप्रणाली व्यवस्थित बनाए रखेंगे, जिससे समय की बचत होगी।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बहुत ही सोच समझकर निर्णय लेने की आवश्यकता है, जिससे आप अधिक से अधिक लाभ कमा सकें। आज आप जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकतें हैं, जिससे आपको बहुत हल्का महसूस होगा। आज आपके घर पर अचानक रिश्तेदार का आगमन होगा, जिससे परिवार में चहल ङ्क पहल बनी रहेगी।



**धनु**

आज का दिन आपके लिए उत्साह से परिपूर्ण रहेगा। आज आपके रोजगार की तलाश ख़त्म होगी, आप पार्टनरशिप में किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपका समय दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ बीतेगा, जिससे आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के कारोबारियों के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण रहने वाला है, नये लोगों से डील पक्की हो सकती है।



**मकर**

आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। आज आप वो पाने में सफल रहेंगे, जिसके लिए आपने कड़ी मेहनत की थी। आज आप व्यावसायिक योजना बनाने में सफल रहेंगे, आगे चलकर जिसमें आपको अच्छा लाभ होगा। आज आप काम के साथ ङ्क साथ अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें, जिससे आप बेहतर तरीके से काम कर पायें।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए आशाजनक बना रहेगा। आज आप आर्थिक रूप से समृद्ध रहेंगे और आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप बातचीत के दौरान कुछ भी कहने से पहले शब्दों पर ध्यान दें, जिससे आपके आपसी रिश्ते अच्छे बने रहेंगे। इस राशि के लेखक आज अपनी पुस्तक का लोकार्पण कर सकते हैं, जिसे समाज के द्वारा खूब पसंद किया जायेगा।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक बना रहेगा। आज आप कार्यक्षेत्र में नई योजनाएं बनाएंगे, जिसमें आपको कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज आप ऑफिस के प्रोजेक्ट को बहुत अच्छे से पूरा करेंगे, जिससे बॉस खुश होकर आपका प्रमोशन कर सकते हैं। इस राशि के खेल ङ्क कूद में रूचि रखने वाले छात्रों को आज किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

# लगातार विद्युत गुल से क्षेत्रीय ग्रामीणों में उठ रहा विभाग के प्रति आक्रोश

जोंधरा (दावा)। खुज्जी, करमरी, उमरवाही, गोड़लवाही और साल्हे सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली की लगातार कटौती से ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है। आए दिन होने वाली दो-तीन घंटे की बिजली कटौती ने क्षेत्र की पूरी व्यवस्था को चरमरा दिया है, जिससे हर वर्ग प्रभावित हो रहा है।

### लघु उद्योग और व्यवसाय पर संकट

बिजली गुल होने से घरों में चलने वाले छोटे-छोटे उद्योग बंद होने की कगार पर हैं। गांव में संचालित होने वाली हॉलर मशीनें, आटा चक्की, बैंक, और फोटोकॉपी की दुकानें चला रहे युवाओं को भारी नुकसान हो रहा है। वे लगातार बिजली न रहने के कारण अपने काम को ठीक से नहीं कर पा रहे हैं।

### विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित

लगातार बिजली गुल रहने से सबसे ज्यादा प्रभावित विद्यार्थी हो रहे हैं। आज 21वीं सदी में जब लोग बिजली पर पूरी तरह निर्भर हैं, तब पढ़ाई




के लिए पर्याप्त रोशनी और इंटरनेट जैसी सुविधाओं के अभाव में उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर वे छात्र-छात्राएं जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उनकी पढ़ाई पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

### किसानों में भी आक्रोश

यह क्षेत्र किसान बहुल है और यहां के 99 प्रतिशत ग्रामीणों के पास अपनी खेती-बाड़ी है। किसान पहले से ही सरकारी समितियों से समय पर खाद न मिलने से नाराज थे और अब बिजली की कमी ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। वे न तो सही समय पर रोपाई और सिंचाई कर पा रहे हैं। कई किसानों ने जैसे-तैसे रोपाई तो कर ली है, लेकिन बिजली की कमी से वे खेतों में पानी नहीं पहुंचा पा रहे हैं।

### सरपंचों ने की 24 घंटे बिजली बहाल करने की मांग

क्षेत्र के 20 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने बिजली विभाग से अपील की है कि अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर पूरे समय बिजली की आपूर्ति बहाल रखी जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो जनता का आक्रोश और भी बढ़ सकता है, जिससे स्थिति विस्फोटक हो सकती है।

> बरसात में विद्युत गुल होना आम समस्या है। कही पर पेड़ गिर गया तो लाईन बाधित हो जाता है। चूंकि उसे बनाने के लिए शेष लाईन को भी बंद करना पड़ता है। आसमानी बिजली की भीषण गर्जना को देखकर भी विद्युत गुल करनी पड़ती है पर सामान्य स्थिति में लाईन हमेशा चालू रहता है।
> **- चिरजींव नायक उपयंत्री खुज्जी**

# जिला अध्यक्ष ने की ग्रामीण ताईक्वांडो खिलाड़ियों से मुलाकात, समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड के ग्रामीण अंचल ग्राम बोरतलाव क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने खेल संघ जुजित्सु एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला अध्यक्ष और भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी से खेल के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही श्री भंडारी ने उभरते ताईक्वांडो प्रतिभाओं से मुलाकात की और उनकी खेल गतिविधियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने स्थानीय खेल सुविधाओं की कमी, प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार और संसाधनों की उपलब्धता जैसे मुद्दे उठाए।इस अवसर पर खिलाड़ी और कोच अपने अनुभव साझा करते हुए, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रशिक्षण और सुविधा की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। श्री भंडारी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कहा कि शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को सही मार्ग और संसाधन उपलब्ध हों। यह कार्यक्रम न केवल स्थानीय खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक रहा



बल्कि युवा वर्ग में खेल और शिक्षा की महत्वता को उजागर करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी साबित हुआ।

### शिक्षा और खेल ही युवाओं को सही दिशा प्रदान कर सकते हैं - मोनू भंडारी

जिला अध्यक्ष श्री भंडारी ने खिलाड़ियों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि वनांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरतलाव क्षेत्र में इस तरह की खेल प्रतिभाओं को देखकर अत्यंत खुशी हुई। शिक्षा और खेल ही युवाओं को सही दिशा प्रदान कर सकते हैं। आज युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में आप जैसे प्रतिभाशाली ताईक्वांडो खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा हैं। आपकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।उन्होंने आश्वासन दिया कि खेल विकास के लिए बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने, प्रशिक्षण सुविधाओं को बढ़ाने और ग्रामीण खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए प्रशासन और संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा।प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना मेरी प्राथमिकता है और सभी समस्याओं का उचित हल निकाला जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाएं प्रदेश और देश में जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली ताईक्वांडो खिलाड़ी हिना उजवाने, राधिका यादव, रागिनी कवर, संजना निषाद, राजेंद्र कवर, डी. होमेश राव, अंश उजवाने सहित कई युवा उपस्थित थे। साथ ही कोच गौतम लीलहारे और अन्य खेल प्रेमियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

## पहला कॉलम...

# डोंगरगढ़ में जिला कांग्रेस ग्रामीण सेवादल ने डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की पुण्यतिथि मनाई



डोंगरगढ़ (दावा)। मंगलवार 26 अगस्त को जिला कांग्रेस ग्रामीण सेवादल ने डोंगरगढ़ में डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की पुण्यतिथि मनाई। इस आयोजन का नेतृत्व राजनांदगांव जिला अध्यक्ष ग्रामीण जितेंद्र सिंह भाटिया ने किया। डॉ. हार्डीकर ने 28 दिसंबर 1923 को कांग्रेस सेवादल की स्थापना की थी। जिसकी स्थापना के 101 साल पूरे हो चुके हैं। उनकी पुण्यतिथि पर, प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार के निर्देशों का पालन करते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने डॉ. हार्डीकर के जीवन, उनके आदर्शों और नियमों को याद किया और उन्हें अनुकरणीय बताया। इस पुण्यतिथि समारोह में प्रमुख रूप से जितेंद्र सिंह भाटिया, संजीव गुप्ता (सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष), दुलीचंद बडोले, गणपत रजक, विजय राज चौहान (ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डोंगरगढ़), शिशुपाल भारती, हरीश भंडारी, रिम्मी भाटिया, प्रकाश महानदी, प्रशांत कांडे, युवराज सेन, शत्रुघ्न सिन्हा, संतोष सिन्हा, योगेश सेन, नीरज पटेल, और छगन साहू सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरियां में 40वां नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया




छुरिया (दावा)। जिलाधीश के आदेशानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.ओमेश भगत के मार्गदर्शन में डॉ. गगनदीप सिंग भाटिया के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तैलचित्र में दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारी सुपरवाइजर बीईटीओ चौरे एवं कालेज से आये छात्रओं के साथ मरीज के परिजनों के द्वारा नेत्रदान महादान कार्यक्रम को जानने का मौका मिला। नेत्रदान के मूल्यों व उसकी उपयोगिता के बारे में वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी विजय मेश्राम द्वारा संक्षिप्त में जानकारी दिया गया कि एक नेत्रदाता के आंख से 2 दृष्टिहीन लोगों के जीवन में रोशनी लाया जा सकता है। जिससे उनको सामान्य लोगों की तरह जीवन जीने में मदद मिल सकती है। नेत्रदान करने से मृत व्यक्ति के आंख में किसी भी प्रकार की कोई विकृति नहीं आती है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का यह 40वां वर्ष है। यह कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक मनाया जाएगा। हमारे छुरिया ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में भी मनाया जाएगा। खण्ड चिकित्सा अधिकारी का अपने क्षेत्रवासियों से आग्रह कि इस पुनीत कार्य के लिए आगे आये और अपने राज्य के साथ देश को अंधत्व से मुक्ति के लिए सहयोग करे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अस्पताल स्टाफ के साथ छुरिया के नेत्र सहायक अधिकारी नयन पटेल, संजीव यादव, नवीन मेश्राम, देवेन्द्र साहू व मुकेश साहू का विशेष सहयोग रहा।

# जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की बैठक समिति के सभापति एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागृति यदु तथा सदस्य प्रशांत कोडापे एवं गोपाल भुआर्य की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कृषि एवं संबद्ध विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। सभापति श्रीमती जागृति यदु ने कहा कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा पात्रता अनुसार किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# प्राचीन ऐतिहासिक तालाब का सौंदर्यीकरण कर महादेव की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की मांग

डोंगरगढ़ (दावा)। सर्वधर्म की नगरी डोंगरगढ़ में स्थित धार्मिक महत्व के प्राचीन ऐतिहासिक तालाबों में शुमार महावीर तालाब एवं सिंगोला बांधा तालाब का सौंदर्यीकरण कर महादेव भगवान शंकर की विशाल प्रतिमा की स्थापना करने की मांग शहर के धार्मिक संगठनों द्वारा की गई है।



**विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित सर्व हिंदू समाज ने सांसद को लिखा पत्र**

सांसद संतोष पांडे को लिखे पत्र में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित सर्व हिंदू समाज की ओर से कहा गया है कि शहर के महावीर पारा में स्थित महावीर तालाब एवं वार्ड नंबर एक स्थित सिंघोला बांध तालाब का सौंदर्यीकरण कर प्राचीन ऐतिहासिक तालाब के मध्य में सनातन धर्म के आराध्य देव महादेव भगवान शंकर की विशाल प्रतिमा की स्थापना करने से धर्मप्रेमियों में धार्मिक आस्था जागृत करने के साथ-साथ पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रहे धर्मनगरी के सौंदर्यीकरण में निखार आएगा।

सांसद संतोष पांडे को संबोधित किए गए पत्र में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, सामाजिक कार्यकर्ता हनी गुप्ता, बालमुकुंद तराने, ऋषभ डकहा, राम आसरे सिंह, शिव शंकर सान्याल, अनिल यादव, पप्पू राम रतन, शेखर सिन्हा, गोपाल सिन्हा, वीरेंद्र मारुति, पप्पू इंदुरकर, सुनील सीवनकर, श्याम सुंदर अग्रवाल, गिरेंद्र कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में शहरवासियों ने हस्ताक्षर किए है।

# पीडब्ल्यूडी जनभावनाओं का रखे ख्याल, ग्रामीणो ने दी नसीहत

जोंधरा (दावा)। गुण्डरदेही से उमरवाही मार्ग की जर्जर हालत को देखते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने आखिरकार मरम्मत का काम शुरू कर दिया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह काम सिर्फ दिखावा है। ग्रामीणों ने विभाग पर आरोप लगाया है कि वे सिर्फ बड़े-बड़े गड्ढों को भर रहे हैं। जबकि सड़क की बदहाली सभी गड्ढों को भरने से ही दूर हो सकती है। इस आंशिक मरम्मत से नाराज ग्रामीणों ने विभाग से जन भावनाओं का सम्मान करने और काम को सही तरीके से करने की नसीहत दी है।



### काम की गुणवत्ता पर सवाल

स्थानीय ग्रामीणों ने इस संबंध में जब गुण्डरदेही-उमरवाही मार्ग के उपयंत्री महेश कुम्भारे से बात की, तो उन्होंने बताया कि ओबेरॉय कंपनी द्वारा लाए गए गिट्टी और मसाले को ही जेसीबी की मदद से डाला जा रहा है। ग्रामीणों ने इस पर आश्चर्य व्यक्त किया कि उपयंत्री की मौजूदगी में भी सिर्फ नाममात्र की सामग्री डाली जा रही है। जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी की इस लापरवाही से काम की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

### आंदोलन की थी तैयारी

आपको बता दें कि छुरिया विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गुण्डरदेही-उमरवाही मार्ग की खराब हालत इतनी गंभीर हो चुकी थी कि यह पैदल चलने लायक भी नहीं रह गया था। बार-बार शिकायत के बावजूद जब विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया, तो क्षेत्र के 25 गांवों के ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत के लिए आंदोलन की तैयारी कर ली थी। इस जन आंदोलन की तैयारी को देखते हुए ही विभाग ने आनन-फानन में मरम्मत का काम शुरू किया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सभी गड्ढों को ठीक से नहीं भरा गया तो वे फिर से आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि विभाग को जनता की भावनाओं को समझना चाहिए और सड़क की पूरी तरह से मरम्मत करनी चाहिए।

# भूगोल विभाग में परिषद का गठन, मुकेश बने अध्यक्ष

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के भूगोल विभाग में 25 अगस्त को प्राचार्य डॉ. श्रीमती ईव्ही रेवती के दिशा निर्देशन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष हेमूराम पदमें एवं डॉ. नौशीन अंजुम के नेतृत्व में सत्र 2025-26 हेतु परिषद गठन किया गया। साथ ही नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत तथा भूतपूर्व सत्र 2024 25 प्रवीण में सूची की छात्राओं को सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूगोल विभाग छात्र परिषद का गठन एवं मनोनीत सदस्यों का चयन प्राप्त परीक्षा प्राप्तांक के आधार पर किया गया। जिसमें विभिन्न पदों पर सदस्यों को मनोनीत किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के हेतु मुकेश साहू, उपाध्यक्ष कु. उमेश्वरी साहू, सचिव उदय कुमार, सह सचिव लोकेश्वरी, कोषाध्यक्ष भानू प्रताप पटेल, सहकोषाध्यक्ष कु. अंजली एवं कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में प्रियंका, नीलकमल वर्मा, दीपक जोशी, दीपशिखा, विकास यादव संध्या रामटेके, ऊषा देवांगन, रोशनी को मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ईव्ही रेवती, व वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ.श्रीमती आशा चौधरी मंचासिन थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वल एवं सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। सरस्वती वंदना



**प्रवीण में सूची में स्थान प्राप्त छात्राओं का किया गया सम्मान**

एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दीप शिखा द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंचासीन अतिथियों के स्वागत के पश्चात विभाग अध्यक्ष हेमू राम पद्मे ने परिषद गठन के महत्व से अवगत कराया। डॉ. नौशीन अंजुम द्वारा पूर्व अध्यनरत छात्र-छात्राओं के अकादमी पक्ष से नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। डॉ. श्रीमती आशा चौधरी द्वारा छात्र-छात्राओं को अनुशासन एवं लगन द्वारा अध्ययन कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

प्राचार्य डॉ. श्रीमती ईव्ही रेवती ने अपने वक्तव्य में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को बधाई, पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मान एवं आशीर्वाद प्रदान किया तथा शिक्षा एक तपस्या है, तभी सफलता को अर्जित किया जा सकता है से प्रेरित किया। भूगोल विभाग के अच्छे परिणाम की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य ने विभाग अध्यक्ष एवं डॉ. नौशीन अंजुम तथा समस्त छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद वचन से सम्मानित किया तथा भविष्य में भी अच्छे परीक्षा परिणाम को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। अपने संबोधन के पश्चात प्राचार्य द्वारा मनोनीत परिषद के सदस्यों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्राएं कु. विमला सेन, कु. माधुरी वर्मा, गोमती व रुक्मणी द्वारा अपने अध्ययन समय को याद करते हुए विभाग एवं महाविद्यालय के योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विभाग को एक स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष हेमू राम पद्मे द्वारा धन्यवाद व्यापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नौशीन अंजुम द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में एमए प्रथम सेमेस्टर, एमए तृतीय सेमेस्टर एवं वर्ष 2024-25 में अध्ययन प्रवीण सूची प्राप्त छात्र छात्राएं सम्मिलित हुई। कार्यक्रम के दौरान भूगोल विभाग द्वारा डॉ. श्रीमती अनुसूया बघेल (सेवानिवृत्त पूर्व विभाग अध्यक्ष, भूगोल अध्ययनशाला, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) के आकस्मिक निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# प्रकृति के प्रति फर्ज निभाया गणेशोत्सव को और खास बनाया

ठेलकाडीह (दावा)। पर्यावरण को बचाने और गणेशोत्सव को और भी खास बनाने के लिए राजनांदगांव की तेजस्वी सेवा समिति ने एक अनूठी पहल शुरू की है। इस गणेश पर्व पर समिति लोगों को गणेश प्रतिमा के साथ-साथ फलदार और औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण कर रही है।



### पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहल

समिति के सदस्यों ने बताया कि यह पहल लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई है। 27 अगस्त को फ्लाईओवर के नीचे प्रतिमा विक्रय स्थल पर इन पौधों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। तेजस्वी सेवा समिति पहले भी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रही है। समिति ने गांव और शहरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया है। इसके अलावा उन्होंने सीड बॉल (बीज-गोले) का वितरण और छिड़काव भी किया है। जिससे बंजर भूमि पर भी पेड़-पौधे उग सकें। समिति ने युवाओं और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर पर्यावरण जागरूकता के लिए रैलियां और नुक्कड़ नाटक जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इन प्रयासों का जमीन पर बड़ा और सराहनीय प्रभाव देखने को मिला है। समिति ने आगे भी इस तरह के प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया है।

# जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 24 अगस्त को जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के शासकीय और निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक 13 अलग-अलग केंद्रों पर हुई।



### प्रतियोगिता में छात्रों की भारी भागीदारी

जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सचिव रूपेश कुमार देवांगन ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 4219 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें से 3558 छात्र उपस्थित रहे। कुल उपस्थिति का प्रतिशत 84.33 रहा है। जो छात्रों के उत्साह को दर्शाता है। खैरागढ़ ब्लॉक में 1976 छात्रों ने पंजीकरण कराया गया। जिसमें से 1708 छात्र उपस्थित रहे (86 प्रतिशत उपस्थिति रही। छुईखदान ब्लॉक में 2243 छात्रों ने पंजीकरण किया और 1850 छात्र उपस्थित रहे (82.47 प्रतिशत उपस्थिति) रहे।

### परीक्षा केंद्रों का विवरण

यह परीक्षा खैरागढ़ और छुईखदान ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों जैसे खैरागढ़ ब्लॉक के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला खैरागढ़, अवंती बाई स्कूल लाराबांध, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पांडादाह, ठेलकाडीह, जालबांधा, कामठा और बाजार अतरिया एवं छुईखदान ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुईखदान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बुंदेली, रोड अतरिया, पीएम सेजेस गंडई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ठाकुरटोला और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम स्कूल साल्हेवारा में आयोजित की गई थी। आयोजन समिति ने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सक्रिय शिक्षकों, केंद्र अध्यक्षों और पर्यवेक्षकों का आभार व्यक्त किया। उनकी निःशुल्क सेवा के कारण ही यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

# गांव के विकास की चर्चा से हटकर व्यक्तिगत वाद-विवाद में उलझकर ग्राम सभा संपन

डोंगरगढ़/ बेलगांव (दावा)। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में मंगलवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्राम पंचायत सचिव धीरेंद्र धर्मगुड़े द्वारा प्रशासन द्वारा भेजे गए ग्राम सभा के एजेंडा को पढ़कर सुनाया गया। जिसने पंचायत के आवक-जावक, गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच, विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को मिल रहे पेंशन तथा शासन द्वारा स्वीकृत नवीन कार्यों की जानकारी दी गई। ग्राम प्रमुख दीनेतु जांगड़े ने दो तालाबों से मिट्टी मुरूम को रेलवे को बेचने का आरोप लगाया।



**रेलवे द्वारा किए जा रहे अवैध मुरूम उत्खनन पर भिड़े ग्राम प्रमुख और सरपंच**

श्री जांगड़े ने कहा कि गांव की संपत्ति को बेचने का अधिकार किसी को नहीं है। जिस पर सरपंच कौशल चंद्रवंशी ने रेलवे के ठेकेदार से किसी भी प्रकार का लेनदेन करने से इनकार किया। सरपंच ने कहा कि गांव स्थित कृषि भूमि में जाने वाले धरसा मार्ग पर मुरूम डाला गया है।

### स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को निरस्त करने की मांग की ग्रामीणों ने

ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि कुछ हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिलने के बाद भी आज पर्यंत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जिसे निरस्त किया जाए। सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी समस्या को ग्राम सभा के सामने रखा गया। पूर्व सरपंच छबील राम साहू विभिन्न मदों से नए सरपंच को चार्ज देते समय तकरीबन आठ लाख रुपए पंचायत को दिए। जिसका ग्रामीणों ने ताली बजाकर स्वागत किया। इस अवसर पर आने वाले समय में गांव के विकास के बारे में कोई चर्चा नहीं हो पाई। छोटी-छोटी बातों पर वाद विवाद चलता रहा। ग्राम सभा में प्रमुख रूप से सरपंच कौशल चंद्रवंशी, उपसरपंच योगेश साहू, ग्राम प्रमुख दिनेतू प्रकाश जांगड़े, छबीलराम साहू, मुरली गेडाम, नेतराम कुंदन गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कल्लूबंजारी और जोशीलमती में स्कूली बच्चों को साईबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**साईबर ठगी होने की दशा में नेशनल हेल्प लाईन 1930 में डॉयल कर अपने शिकायत दर्ज**

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के छुरिया 1 एवं छुरिया 2 परियोजना अंतर्गत आने वाले ग्राम कल्लूबंजारी एवं जोशीलमती के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में साईबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर किशोर बालिकाओं को जागरूक किया गया। ग्राम कल्लूबंजारी में उपनिरीक्षक ओम साहू और जोशीलमती में प्रवीण मेश्राम द्वारा शाला की किशोरी बालिकाओं को साईबर बुलिंग, फिशिंग, साईबर युमिंग, ऑनलाईन गेमिंग, कॉफेस कॉल, फर्जी वॉइस एवं विडियो कॉल, फर्जी सिम, कॉल क्लोनिंग, साईटर स्टोकिंग, ट्रेडिंग, शेयर मार्केट, डिजिटल अरेस्टिंग, घर बैठे बैंकिंग लोन, लोन के नान पर सर्विस टैक्स और प्रोसेसिंग के नाम पर ठगी, वर्क फ्राम होम और ऑनलाईन जांच के झांसे शेयर मार्केट और किप्टो करेन्सी और बिट कॉइन के माध्यम से रूपए डबल और ट्रिपल करने जैसे झांसे, कौन बनेगा करोड़पति, लाखों रूपए की लॉटरी, केडिट कार्ड और सस्ते टर्म्स इश्योरेन्स, फर्जी भुगतान का मैसेज, फर्जी पेमेंट स्कैनर एटीम कार्ड की अदला-बदली करने वालों ठगों से सावधान रहने की हिदायत दी गई। अनजान नंबर को उठाने से पहले ट्रू कॉलर में सर्च करने इसके साथ ही निजी एवं गोपनीय तस्वीरें, चाईल्ड पोर्नोग्रॉफी, आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफार्म में साझा नहीं करने और लाईक अथवा शेयर नहीं करने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया का सावधानी से प्रयोग, 2 स्टेप वेरिफिकेशन, स्ट्रॉग पासवर्ड, प्राईवेसी लॉक को हमेशा एक्टिव रखने की सलाह दी गई। रिश्ते जोडने का झांसा फर्जी मेट्रोमोनियल साईटस, अनजाने शॉपिंग साईट्स का इस्तेमाल नहीं करने और किसी भी प्रकार की साईबर ठगी होने की दशा में नेशनल हेल्प लाईन 1930 में डॉयल कर अपने शिकायत दर्ज करने जैसी उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही खुशबू एवं डिम्पल को शाला में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में छुरिया जनपद अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा, जनपद सदस्य श्री बालमुकुंद कुंजाम, ग्राम की सरपंच श्रीमती गोमती साहू, श्री नैन सिंह पटेल, श्री भानूलाल धनकर आदि बतौर अतिथि और कार्यक्रम में श्रीमती किरण श्रीवास्तव और श्रीमती कमलवती मरकाम, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कल्लूबंजारी की प्राचार्या श्रीमती गौतरिन कुंजाम, जिला मिशन समन्वयक श्री किशोर माहेश्वरी, नम्रता हुंडरे, अन्नपूर्णा शुक्ला, वीणा यादव, कुसुमता कटेश्वर और भारती साहू सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## प्रज्ञा सिंह को मिला राष्ट्रीय शिक्षक का पुरस्कार

रायपुर। मानव संसाधन विभाग द्वारा छग की प्रज्ञा सिंह को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये जाने की जानकारी शिक्षा संचालनालय द्वारा ली गई है। शिक्षिका को पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

देश के राष्ट्रपति स्व. राधाकृष्णन की स्मृति में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। दुर्ग जिले के थनौद गांव में कार्यरत शिक्षिका प्रज्ञा सिंह को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रज्ञा सिंह ने शिक्षा के गणित एवं अन्य विषयों को लेकर छात्रों में रूचि जगाई है उन्होंने वैज्ञानिक परख दृष्टिकोण से अध्ययन कार्य कराया है। इसके कारण उनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है।

# दपूम रेलवे नागपुर मंडल में 15 सितंबर को पेंशन अदालत का आयोजन

**पेंशन अदालत हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 अगस्त**

राजनांदगांव (दावा)। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में पेंशन अदालत का आयोजन 15 सितंबर (सोमवार) को 11 बजे मंडल कार्यालय के सभा कक्ष किया जा रहा है।

नियमित रूप से पेंशन अदालत मंडल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित की जाती है। मंडल के समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अपनी पेंशन संबंधी शिकायतों के समाधान हेतु 29 अगस्त तक या उससे पूर्व आवेदन प्रस्तुत करें। 29 अगस्त के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन दो प्रतियों में निम्नलिखित आवश्यक विवरण जैसे. नाम, पता, मोबाइल संख्या, पी.एफ .नंबर, सेवानिवृत्ति की तिथि, पी.पी.ओ. नंबर, विभाग व पदनाम, शिकायत का विवरण एवं पूर्ण पता आदि के साथ कवर पर 'पेंशन अदालत 15 सितंबर लिखा होना चाहिए, जमा करना अनिवार्य है।

पेंशन अदालत में पेंशन से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाता है। अगर किसी सेवानिवृत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाला बकाया निपटान एवं पेंशन भुगतान संम्बन्धी कोई भी शिकायत है तो वे अवश्य आवेदन कर इस अदालत का लाभ उठाये।

## पीएम नरेंद्र मोदी को जीएसटी कम करने हेतु धन्यवाद - रवि सिन्हा



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 39 हीरामोती वार्ड के भाजपा पार्षद एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जी.एस.टी. दरों में की गई कमी का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार का यह कदम देश की आम जनता और व्यापारियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। लंबे समय से जी.एस.टी. की ऊँची दरों को लेकर जनता और व्यवसायी वर्ग चिंतित थे। अब दरों में कमी होने से न केवल बाजारों में रौनक लौटेगी।

# बल्देव बाग स्थित राजवंश स्थल पर महंत राजा बलराम दास वैष्णव की पुण्यतिथि मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। छग वैष्णव महासभा राजनांदगांव द्वारा 25 अगस्त को महंत राजा बलराम दास वैष्णव की पुण्यतिथि मनाया गया। जिसमें महापौर मधुसूदन यादव के द्वारा राजवंश स्थल पर राजा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। साथ ही महंत राजा बलराम दास के द्वारा पूर्व में जनहित में रेलवे विस्तार के लिए दिए गए जमीन दान को याद किया गया। जिस पर आज सभी समाज के लोगों को रेल सुविधा का लाभ मिल रहा हैं। उक्त कार्यक्रम में इस अवसर पर राजवंश स्थल पर एवं वैष्णव समाज भवन के आसपास वृक्षारोपण किया गया। महापौर मधुसूदन द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव द्वारा महापौर मधुसूदन यादव जी से निवेदन किया गया कि राजवंश स्थल पर मूर्ति स्थापना हेतु बजट में जो राशि लिया गया हैं।

उस राशि पर 30 फीट की भव्य मूर्ति की स्थापना के लिए कहा गया। जिस पर महापौर द्वारा महंत राजा बलराम दास वैष्णव की भव्य मूर्ति जल्द से जल्द बनाने की अपनी सहमति प्रदान की। जिस पर उपस्थित सभी समाज के लोगों ने खुशी जाहिर की। उक्त कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, पार्षद सभापति शैंकी बग्गा, वार्ड पार्षद प्रमोद झंझाड़े, पार्षद डोंगरगढ़ अमित जैन, वैष्णव समाज से समाजसेवी देवकुमार निर्वाणी, चंद्रशेखर वैष्णव, जिला संरक्षक महेंद्र वैष्णव, वैष्णव समाज के पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव, जिला महासचिव संदीप वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष कमलेश वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, जितेंद्र बैरागी, आकाश वैष्णव, दिग्विजय वैष्णव, सुरेन्द्र वैष्णव, मंडलेश्वर अनूप दास, मंडल संरक्षक मेघदास वैष्णव, मनोज निर्वाणी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ड्रोन दीदी ने किया यूरिया के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली में ड्रोन दीदी के माध्यम से कृषकों के खेतों में नैनो यूरिया के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किया गया। जिसमें ग्राम एवं समीप क्षेत्र के 35 कृषकों ने भागीदारी के साथ प्रत्यक्ष ड्रोन प्रदर्शन का अवलोकन किया।

# 11 दिवसीय गणपति महोत्सव : बालरत्न मंच सेवा समिति कार्यकारिणी घोषित




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव में 11 दिवसीय गणपति महोत्सव आयोजन समिति बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति के वरिष्ठ सलाहकार सौरभ खण्डेलवाल, प्रचार प्रमुख महेश शर्मा ने बताया कि सनातन संस्कृति में मेरी संस्कृति, मेरा आधार को शिरोधार्य करते हुए सेवा में निरंतर 32 वर्षो से गणपति स्थापना संस्कारधानी राजनांदगांव में बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग में सनाजन सांस्कृतिक के अनुरूप आनंद, उमंग, हर्षोउल्लास से आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष गणेश उत्सव समिति का गठन इस प्रकार है। जिसमें सर्वसम्मिति से रोहित शर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष रोहित शर्मा ने भगवान गणपति को नमन करते हुए अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है।

वरिष्ठ सम्मानित संरक्षकगण रमेश जैन छुरिया वाले, सुनील अग्रवाल, विजय अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, निर्मल शर्मा, बृजकिशोर सुरजन, राजकुमार अग्रवाल, श्रीकिशन अग्रवाल, अजय सिंगी, राजेश अग्रवाल, सम्मानित संरक्षकगण संजय अग्रवाल, घनश्याम भूतड़ा, अमर लालवानी, जगमोहन यादव, जगदीश प्रसाद सोनी, राकेश वैष्णव व विशेष आमंत्रित सदस्य भावेश अग्रवाल, कमल किशोर साहू, वरिष्ठ सलाहकार राहुल अग्रवाल, मयंक शर्मा, सौरभ खण्डेलवाल, रितेश यादव, संयाजेक संदेश जैन, प्रशांत अग्रवाल, रवि शर्मा, अध्यक्ष रोहित शर्मा, उपाध्यक्ष कैलाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, सहकोषाध्यक्ष करण अग्रवाल, सचिव चैतन्य अग्रवाल, सहसचिव दिनेश अग्रवाल, मनीष यादव, भण्डारा प्रमुख पीयुष शर्मा, शैलेष शर्मा, अरविंद गुप्ता, पूजापाठ प्रभारी लोकेश अग्रवाल, सांस्कृतिक प्रभारी प्रशांत कुशवाहा, श्रेयांश जोशी, प्रचार प्रमुख महेश शर्मा, सोशल मिडिया प्रभारी आयुष शर्मा, हर्ष अग्रवाल, पंडाल प्रभारी सतपाल वातवानी, कार्यकारिणी मुख्य सदस्य गोंविद जोशी, निलेश शर्मा, मंत्रीगण अर्णव अग्रवाल, सार्थक शर्मा, जस अग्रवाल, युग खण्डेलवाल, कृष्णा शेरवानी, कार्यकारिणी सदस्य राजेश शर्मा, निकुंज सिंघल, राजा गुप्ता, सवी अग्रवाल बनाये गए है। उपरोक्त जानकारी आयोजन समिति के वरिष्ठ सलाहकार सौरभ खण्डेलवाल व प्रचार प्रमुख महेश शर्मा ने दी।

# दिग्विजय महाविद्यालय में सात दिवसीय कैरियर गाइडेंस एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट विषय पर कार्यशाला

**जो सबसे कम गलती करेगा वही सफल होगा, सफलता की कुंजी मेहनत है - संजय जैन**



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में आईक्यूएसी एवं रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. संजय ठिसके के मार्गदर्शन में सात दिवसीय कैरियर गाइडेंस एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस महानदी कोचिंग सेंटर, राजनांदगांव, डायरेक्टर, संजय जैन, संयोजक डॉ. संजय ठिसके, के. के. देवांगन, डॉ. डी.के. वर्मा उपस्थित थे। कार्यशाला संयोजक डॉ. संजय ठिसके ने कार्यशाला की विस्तार से जानकारी देते हुए रोजगार से संबंधित एवं कैरियर को कैसे एक मिशन बनायें इस विषय पर सुक्षाव दिये।

मुख्य वक्ता डायरेक्टर संजय जैन ने सरकारी नौकरी लगने के लिए कैसे तैयारी करें इसके बारे में बताया कि परीक्षा को पास करने के लिए सिर्फ सिलेबस रटना या घंटों पढ़ाई करना ही काफी नहीं है, बल्कि मानसिक रूप से फिट और शांत रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अक्सर उम्मीदवार किताबें, नोट्स और मॉक टेस्ट पर तो पूरा ध्यान देते हैं, लेकिन तैयारी के दौरान होने वाले तनाव और चिंता को नजर अंदाज कर देते हैं। जैन ने सफलता की कुजी मेहनत है कहते हुए इस प्रतिस्पर्धा से भरे समाज में पीएससी लोक सेवा आयोग व व्यापम की परीक्षा में तैयारी की रूपरेखा की और ध्यान केंद्रित किया। वहीं परीक्षा में आने वाले प्रश्नों की व्याख्या की एवं गूगल व एआई के टूल्स का सही प्रयोग करने के तरीके से अवगत करवाया। साथ ही नोट्स के प्रतिदिन अपडेट करने की बात कही। सही दिशा में तैयारी करने की बात करते हुए अंत में कहा कि जो सबसे कम गलती करेगा, वही सफल होगा। छात्र-छात्राओं के मन में जो प्रश्न था उसका भी जवाब जैन सर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डी.के. वर्मा ने किया।

## आयुक्त ने किया मोहारा स्थित विर्सजन कुण्ड का निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज प्रातः मोहारा स्थित विर्सजन कुण्ड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने गणेश पर्व को ध्यान में रखकर शहर की विद्युत व्यवस्था दुरूस्तीकरण के अलावा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। गणेश पर्व को देखते हुए नगर निगम आयुक्त ने आज प्रातः मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड का निरीक्षण कर कुण्ड की सफाई करने, कुण्ड में ताजा पानी भरने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विसर्जन कुण्ड के आसपास साफ-सफाई कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे। इसके अलावा विसर्जन संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्था भी दुरूस्तीकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर के सडकों एवं विसर्जन झाकी आने वाले रूट में पेचवर्क करे। आयुक्त ने गणेश पर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में विद्युत व्यवस्था की जानकारी लेकर कहा कि शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में लगे विद्युत खंभो की बंद लाईट मरम्मत करे तथा विद्युत तार दुरूस्त करें।

## मनेरी गांव में 40वां नेत्रदान पखवाड़ा शुरू



डोंगरगांव (दावा)। नेत्रदान महादान के संदेश के साथ डोंगरगांव विकासखंड के गांव मनेरी में 40वां नेत्रदान पखवाड़ा शुरू हो गया है। यह पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक चलेगा। इसका आयोजन राजनांदगांव के जिला कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

इस पहल के शुभारंभ पर ग्राम पंचायत मनेरी के सरपंच भीषम साहू और पूर्व सरपंच श्रीमती जुगत पोहन साहू ने ग्रामीणों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने लोगों को नेत्र जांच कराने, नेत्रदान संकल्प पत्र भरने और आंखों की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। साथ ही, धूल, धुआं, धूप और चोट से आंखों को बचाने के तरीकों के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर आयोजित शिविर में 20 लोगों की आँखों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त चश्मा वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में वीरेंद्र तिवारी (करारोपण अधिकारी, जनपद पंचायत डोंगरगांव), नेत्र सहायक अधिकारी ए.के. शुक्ला, कोमलदास साहू, उमाभारती साहू और विनोद टांडेकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शेष प्रथम पेज

**जम्मू: माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर....**

मौसम के कारण यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि पहले तो यात्रा बारिश के बीच भी जारी रखी गई थी परंतु श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कई जगह हुए भूस्खलन को देखते हुए दोपहर एक बजे यात्रा को स्थगित कर दिया था। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यात्रा स्थगित करने का फैसला लेने तक कटड़ा से भवन के लिए सात हजार से अधिक श्रद्धालु यात्रा मार्ग पर थे। यह हादसा दोपहर तीन बजे के करीब पेश आया। अर्द्धकुंवारी मार्ग पर स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास यह भूस्खलन हुआ। पहाड़ से बड़े-बड़े पत्थरों समेत भारी मलवा शेड को चीरते हुए भरभराकर गिर पड़ा इस दौरान वहां से गुजर रहे कई श्रद्धालु भूस्खलन की चपेट में आ गए और मलवे में दब गए। घायल श्रद्धालुओं को गंभीर घायल अवस्था में एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाए गया। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार दो महिलाओं समेत 8 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। सूत्रों ने बताया कि इस संख्या में वृद्धि हो सकती है। कटड़ा निसासी प्रवीण सढौत्रा ने बताया कि पिछले चौबीस घंटों से जारी बारिश के बीच भी सुबह यात्रा सुचारू रूप से जारी रही। हालांकि बैटरी कार मार्ग पर पहाड़ों से पत्थर गिरने की वजह से उसे बंद कर दिया गया था। पारंपरिक मार्ग से श्रद्धालु भवन की ओर रवाना हो रहे थे। जब भैरव घाटी मार्ग पर भी भूस्खलन हुआ तो श्री माता वैष्णो देवी श्राईन बोर्ड ने दोपहर एक बजे के करीब यात्रा को स्थगित कर दिया।

**हिमाचल प्रदेश में ब्यास नदी ने....**

के ऊपर लटक गया है। इस वजह से ओल्ड मनाली, बुरुआ, शनाग, मझाच, पलचान, सोलंग, कोठी का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। दूसरी ओर समाहन में सड़क धंसने से मनाली-लेह मार्ग बंद है। अखाड़ा बाजार में एक मकान ब्यास नदी में बह गया। रामशिला में दो मकान ढह गए। एक दुकान भी बह गई। नग्गर-पतलीकुहल को जोड़ने वाला पुल भी ब्यास नदी में आई बाढ़ की चपेट में आया। मणिमहेश यात्रा पर गए पंजाब के चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। प्रशासन ने यात्रा पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है। दो हजार से ज्यादा श्रद्धालु अभी भी बीच रास्ते में फंसे हुए हैं। हालांकि, सभी सुरक्षित स्थानों पर हैं। वहीं, नूरपुर में डडवाड़ा गांव का गुरुदेव सिंह (72) की खड्ड में बहने से मौत हो गई। वहीं मंडी शहर में ब्यास नदी पंचवक्त्र मंदिर तक पहुंच गई है। ब्यास नदी उफान पर होने से प्रशासन ने नदी-नालों के किनारे नहीं जाने की हिदायत दी है। मंडी जिले के मुख्य बाजार बालीचौकी में जमीन धंसने के कारण जद में आए 13 घरों में से चार घर जमींदोज हो गए हैं। दो लोगों का 30 कमरों का संयुक्त घर शुक्रवार रात को जमींदोज हुआ था जबकि अब चार लोगों के दो घर बीती रात को जमींदोज हो गए। इनमें 22 दुकानें भी थीं। मकान दो मंजिला और चार मंजिला थे। हालांकि, मकानों को एहतियातन पहले ही खाली करवा दिया गया था। प्रभावितों में केसर सिंह, नारायण दास, डोले राम और बीर सिंह शामिल हैं। इन सभी का एक करो? से अधिक का नुकसान हो गया है। यहां गेस्ट हाउस सहित रिहायशी कमरे और दुकानें थीं, जोकि अब पूरी तरह से जमींदोज हो गए हैं। अपने आशियानों को अपनी आंखों के सामने टूटता देख प्रभावित सदमे में हैं। प्रभावितों ने सरकार से अधिक से अधिक मदद की गुहार लगाई है। बारिश के चलते कुल्लू जिले के नदी-नाले पूरी तरह से उफान पर हैं। ब्यास नदी ने भी रौद्र रूप धारण कर लिया है। इससे किनारे की बस्तियों को खतरा पैदा हो गया है। प्रशासन ने भी नदी किनारे की बस्तियों को खाली करवा दिया है। जिला मुख्यालय कुल्लू में भी हनुमानी बाग, लंकाबेकर की बस्तियों में पानी घुस गया है। जिला मुख्यालय में ब्यास नदी के साथ लगघाटी से आती सरबरी नदी का जलस्तर भी बढ़ा हुआ है। उधर, मणिकर्ण घाटी की पार्वती नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। सोलन शहर में सोमवार से जारी बारिश के क्रम से नुकसान शुरू हो गया है। शहर के पुराने बस स्टैंड के पास मंगलवार सुबह अचानक पहाड़ी से भूस्खलन हो गया। भूस्खलन की चपेट में दो वाहन आ गए। गनीमत यह रही कि जिस समय भूस्खलन हुआ तो राहगीरों ने देख लिया और वहां से दूर हो गए। इससे हादसा होने से भी टल गया।

**वोट अधिकार यात्राः चोर की...**

का अधिकार गरीब जनता के लिए सबसे अहम है, क्योंकि उसी से उनकी आवाज सुनी जाती है। कर्नाटक का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल में सात विधानसभा सीटें हैं। अगर एक विधानसभा सीट को हटा दें तो कांग्रेस सातों पर जीत रही थी। लेकिन जिस सीट पर एक लाख नए वोटर जोड़े गए, वे सभी भाजपा के खाते में चले गए और नतीजा बदल गया। हमने तब प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सच्चाई देश के सामने रखी। आप सबने देखा होगा कि भाजपा के नेता हर मुद्दे पर बयान देते हैं, लेकिन वोट चोरी के मामले में न प्रधानमंत्री मोदी और न ही अमित शाह ने कुछ कहा। जैसे चोर पकड़ा जाता है तो चुप हो जाता है, वैसे ही ये भी खामोश हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा चुनाव में धांधली कर रही है। उन्होंने कहा कि इनका खेल साफ है 65 लाख वोट घटा देंगे और फिर 65 लाख वोट जोड़ देंगे। इसी तरह ये चुनाव में जीत हासिल करते हैं।

**सीएम साय ने ओसाका की....**

भी उद्योग और निवेश का प्रमुख केंद्र बनाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समृद्धि, युवाओं का भविष्य और निवेशकों का विश्वास है, और इसी संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस आईएनएस.....**

जिनसे चार हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला, साथ ही 10 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए। हिमगिरी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित पी17ए युद्धपोतों में से पहला युद्धपोत है। दूसरे युद्धपोत उदयगिरि को मझगांव डाक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में बनाया गया है। लगभग 6,700 टन विस्थापन वाले पी17ए श्रेणी के फ्रिगेट अपने पूर्ववर्ती शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट से लगभग पांच प्रतिशत बड़े हैं। इनका रडार क्रास सेक्शन कम है।

0 जरूरत हुई तो इस बार आपरेशन सिंदूर शुरू करेगी नौसेनाः एडमिरल त्रिपाठी

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने जलावतरण समारोह में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरा नहीं हुआ है और यदि जरूरत हुई तो इस बार नौसेना सबसे पहले कार्रवाई करेगी। नौसेना भारत के दुश्मनों के खिलाफ विश्वसनीय प्रतिरोधक के रूप में खड़ी है। एएनआइ के अनुसार एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, अनिश्चितताओं और प्रतिस्पर्धा के इस युग में भारतीय नौसेना की क्षमता, भारत के दुश्मनों के खिलाफ विश्वसनीय प्रतिरोधक है। हमने आपरेशन सिंदूर के दौरान इसका बखूबी प्रदर्शन किया। हमारे आक्रामक रुख ने पाकिस्तानी नौसेना को एक तरह से बंदी बना लिया और उन्हें मजबूरन हमसे कार्रवाई बंद करने का अनुरोध करना पड़ा।

0 सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है नौसेना की भूमिकाः राजनाथ

आइएनएस उदयगिरि और आइएनएस हिमगिरि के जलावतरण के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नौसेना की भूमिका केवल समुद्र की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक सुरक्षा का भी प्रमुख स्तंभ है क्योंकि तेल, प्राकृतिक गैस जैसी भारतीय ऊर्जा आवश्यकताएं काफी हद तक क्षेत्र की सुरक्षा पर निर्भर करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत आक्रामक विस्तारवाद में विश्वास नहीं करता है। दुनिया जानती है कि उसने कभी किसी देश पर पहले हमला नहीं किया। हालांकि, जब उसकी सुरक्षा पर हमला होता है, तो भारत जानता है कि कैसे जवाब देना है।

रक्षा मंत्री ने कहा, हमारी ऊर्जा आवश्यकताएं, तेल, प्राकृतिक गैस, सभी काफी हद तक इस क्षेत्र की सुरक्षा पर निर्भर हैं। इसलिए नौसेना की भूमिका केवल समुद्र की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय आर्थिक सुरक्षा का प्रमुख स्तंभ भी है। उन्होंने कहा, आइएनएस उदयगिरि और आइएनएस हिमगिरि का जलावतरण आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सपने के सच होने जैसा है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि ये दोनों युद्धपोत देश की सुरक्षा में मील का पत्थर साबित होंगे। भारतीय नौसेना न केवल तटीय क्षेत्रों की रक्षा करती है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि भी बनाए रखती है।

**ट्रंप की टैरिफ धमकियों पर जवाब....**

में मदद करेगा। शंघाई सहयोग संगठन आज 10 स्थायी और 16 पर्यवेक्षक देशों तक पहुंच चुका है। इसके बावजूद कई विशेषज्ञ मानते हैं कि संगठन की वास्तविक दृष्टि और उसके ठोस परिणाम अभी स्पष्ट नहीं हैं। तक्षशिला इंस्टीट्यूशन के मनोज किवलरामाणी का कहना है कि एससीओ किस दिशा में आगे बढ़ना चाहता है और इसके ठोस लाभ क्या होंगे, यह अभी धुंधला है। इसके बावजूद यह संगठन अमेरिका की नीतियों के खिलाफ सामूहिक हितों को सामने लाने का अहम मंच बन चुका है। इस साल का शिखर सम्मेलन 2001 में एससीओ की स्थापना के बाद अब तक का सबसे बड़ा आयोजन माना जा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने इसे नए प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के निर्माण में एक महत्वपूर्ण ताकत बताया। सम्मेलन से उम्मीद की जा रही है कि यह न केवल क्षेत्रीय सहयोग को मजबूती देगा बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर भी संयुक्त प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करेगा। हालांकि, सुरक्षा मामलों में इसकी भूमिका अभी सीमित ही मानी जा रही है।

**आप नेता सौरभ भारद्वाज....**

वाले थे, लेकिन जून 2025 तक भी सिर्फ 50 फीसदी काम ही पूरा हो सका। वहीं, इस प्रोजेक्ट में 800 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हो चुका था। बता दें कि पिछले साल अगस्त में उस समय के दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस मामले में शिकायत की थी। विजेंद्र गुप्ता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार हुआ है। इसमें तत्काली स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन भी शामिल थे।

**बीएड डीएलएड, बीए बीएड....**

लेकर 10 अक्टूबर तक प्रथम सूची द्वितीय चरण के लिए 13 अक्टूबर को तथा आबंटित अभ्यर्थियों को महाविद्ययालय में प्रवेश के लिए 13 अक्टूबर को प्रवेश करना होगा। रिक्त सीटों की जानकारी 23 अक्टूबर को जारी की जाएगी। संचालक द्वारा जानकारी के अनुसार इन सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थी राज्य के शासकीय डाइट बीटआई तथा निजी शिक्षा महाविद्यालय में संचालित डीएल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए दिया जाए। परीक्षा प्रवेश हेतु उत्तीर्ण छात्र प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए निर्धारित वेबसाइट में पूरी जानकारी ले सकते हैं। द्वितीय चरण की सूची 24 अक्टूबर को तथा द्वितीय चरण दूसरी सूची महाविद्यालय में 24 अक्टूबर तक जारी की जाएगी। तीसरी सूची 31 अक्टूबर को तथा तीसरी सूची के आबंटित अभ्यर्थी महाविद्यालयों में 31 अक्टूबर तक प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। संचालक के अनुसार अंतिम तिथि के पश्चात शाम 5.30 बजे महाविद्यालय द्वारा प्रवेश की आनलाइन अपडेट करने की प्रकिया बंद हो जाएगी। अभ्यर्थियों को दावा आपत्ति निर्धारित वेबसाइट में आवश्यक दस्तावेज आवेदन भेजकर कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया सामान्य प्रशासन के निर्देश पर आरक्षण संबंधी प्रावधान का पालन किया जाएगा।

**मरही माता मंदिर दर्शन के लिए....**

तहसीलदार व प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू अभियान चलाया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा भेजा गया है। इस दर्दनाक हादसे से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में गहरा शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# विक्रांत ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह, कहा हार-जीत से ऊपर है खेल भावना

## मुढ़ीपार व सोनभट्ठा में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुढ़ीपार एवं सोनभट्ठा में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू तथा निवर्तमान अध्यक्ष घम्मन साहू ने की।

### दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत ढंग से हुई। सर्वप्रथम फीता काटकर एवं माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। गांव के लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अतिथियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

### खिलाड़ियों से मुलाकात, दी शुभकामनाएं

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने बारी-बारी से मैदान में उतरे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कबड्डी न केवल गांव-गांव को जोड़ने वाला खेल है, बल्कि यह हमारी परंपरागत खेल संस्कृति की पहचान है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल को खेल भावना के साथ खेलें और हार-जीत से ऊपर उठकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

### खेल से मिलता है आत्मविश्वास

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि कबड्डी जैसे खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि हार से निराश होने के बजाय उसे अगले प्रयास के लिए प्रेरणा मानना चाहिए। विक्रांत सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित ऐसे खेल आयोजन से छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है।

0 ग्रामीणों की रही बड़ी उपस्थिति

प्रतियोगिता को देखने के लिए क्षेत्र के आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल का रोमांच देर रात तक जारी रहा। इस दौरान मंडल भाजपा अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, कुमेश साहू, नरोत्तम सिन्हा, तोपसिंग राजपूत, खुमान लहरे, आदर्श बहादुर सिंह, सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंच पर मौजूद रहे।

### ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने की जरूरत

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर कहा कि गांवों में कबड्डी और पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने से न केवल खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास होता है, बल्कि ग्रामीण समाज में आपसी भाईचारा और मेलजोल भी मजबूत होता है। कार्यक्रम का समापन विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित कर किया गया।

# आरला में तीजा-पोला पर महिलाओं द्वारा खेल प्रतियोगिता आयोजित

## ग्राम पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर को महिला समूह द्वारा मोमेंटो भेंटकर किया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से ग्राम आरला, कोटरा भाठा, खैरा में इस वर्ष भी तीजा-पोला पर्व के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन किया गया।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विवाहित माताओं के लिए मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में बाल फेक, मटका फोड़, सुरीली कुर्सी दौड़ और रस्सा कसी जैसे खेल मुख्य आकर्षण रहे। महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लेकर प्रतियोगिताओं को रोमांचक बना दिया। विजेताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा श्रृंगार सामग्री भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं ने एकजुट होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं दर्शकों ने भी तालियों और उत्साहवर्धन से प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। तीजा-पोला पर्व केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सद्भाव, भाईचारा और महिलाओं के सशक्तिकरण का भी संदेश देता है। छत्तीसगढ़ राज्य आजीविका मिशन बिहान आरती महिला ग्राम संगठन द्वारा महिलाओं की विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू ने किया तथा विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत आरला सरपंच साधना राहुल साहू, पंचायत परिवार एवं बिहान महिला समूह थे।

## सीसी सड़क निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति मिली

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम मासुल में कलामंच से लेकर गौठान तक सीसी सड़क निर्माण कार्य एवं ग्राम टेकेहर्रा में संदीप घर से कलामंच तक सीसी सड़क निर्माण कार्य हेतु 2-2 लाख रूपए कुल 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

# राजनांदगांव जिले में 30-30 लाख की लागत से बनेगा महतारी सदन, बिहान महिला समूह ने जताया आभार



छुरिया (दावा)। जिले के छुरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कुमर्दा व डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोहड़, मोहारा व डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत अर्जुनी में 30 लाख रुपए की राशि से सर्वसुविधायुक्त महतारी सदन का निर्माण होगा। विगत दिनों पूर्व राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा जिले के प्रवास पर थे। तब महिलाओं की मांग पर राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव के द्वारा विभिन्न कल्सटरो में महतारी सदन की मांग की गई। जिस पर प्रभारी मंत्री द्वारा कुमर्दा कल्सटर में महतारी सदन के लिए मार्क किया गया तथा प्रभारी मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया कि धीरे-धीरे सभी कल्सटरों में महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा।

जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने बताया कि महतारी सदन महिलाओं के लिए सुरक्षित और सशक्त वातावरण है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सुशासन सरकार की अभिनव पहल है। कुमर्दा, अर्जुनी, मोहरा, मोहड कल्स्टर में महतारी सदन के निर्माण की स्वीकृति हुई है। साथ ही जिले के इन सभी ग्राम पंचायतो में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सुशासन सरकार ने महतारी सदन की स्वीकृति प्रदान की है। महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह सार्थक प्रयास है।

यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता के नए अवसर प्रदान कर उन्हें संगठित, सशक्त और स्वावलंबी बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। कुमर्दा कल्सटर की समस्त जनता व जिलेवासियों की ओर से मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति किरण रविंद्र वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति किरण साहू, जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, राजेंद्र गोलछा, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, श्रीमती लता सिन्हा, श्रीमती रंजिता पटोती, जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य, मंडल अध्यक्ष अर्जुनी भुवन साहू, मंडल अध्यक्ष डोगरगढ़ अनिल सिन्हा व समस्त जनपद सदस्य और सभी मंडल पदाधिकारी सभी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता ने ह्रदय से आभार व्यक्त किया।

# महादेव और मां पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक है तीज - शीला टाकेश सिन्हा



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने तीज पर्व के पावन अवसर पर सभी माताओं, बहनों और महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक अनुपम प्रतीक है।

### नारी शक्ति और प्रेम का संदेश

श्रीमती सिन्हा ने कहा कि तीज का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक है। यह पर्व केवल दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि की कामना के लिए नहीं, बल्कि नारी शक्ति, त्याग और प्रेम का भी संदेश देता है। विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए यह व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित लड़कियां एक योग्य जीवनसाथी की कामना करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि तीज का पर्व सामाजिक रिश्तों को मजबूत करने का भी एक बेहतरीन अवसर है। इस दिन महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-संवरकर एक-दूसरे से मिलती हैं, झूले झूलती हैं और अपने सुख-दुख साझा करती हैं। सावन की हरियाली के बीच यह पर्व जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है। श्रीमती सिन्हा ने अंत में सभी महिलाओं से अपील की कि वे इस पर्व को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने कामना की कि तीज का यह पर्व हर परिवार में खुशहाली, वैवाहिक सुख और आपसी प्रेम लेकर आए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में 40वां नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन



## केशव राम साहू द्वारा मृत्युपरांत देहदान करने की घोषणा की गई

## भाजपा नेता महेंद्र अग्रवाल सहित 20 अन्य नागरिकों ने नेत्रदान का संकल्प लिया

डोंगरगढ़ (दावा)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव के निर्देशानुसार खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुचित्रा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 40वां नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना एवं जीवनदीप समिति के सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह बन्नोआना द्वारा नेत्रदान के संबंध में मृत्यु के पश्चात प्रत्येक नागरिक को देहदान और नेत्रदान करने की अपील की गई।

जन भागीदारी से अधिक से अधिक संख्या में नेत्रदान करने की अपेक्षा की गई। इसके साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता व जीवन दीप समिति के सदस्य महेंद्र भाई पटेल के द्वारा नेत्रदान महादान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे द्वारा नेत्रदान संबंधी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी वर्गों को नेत्रदान करने का अपील की एवं मृत्यु के पश्चात सभी वर्गों को नेत्रदान करने की अपील की गई है। कार्यक्रम के दौरान महेंद्र अग्रवाल भाजपा नेता द्वारा मृत्यु पश्चात नेत्रदान करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला नोडल मितानिन कार्यक्रम के अनिल श्रीवास्तव द्वारा नेत्रदान संकल्प पत्र अधिक से अधिक भरवाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर चौधरी मेडिकल ऑफिसर द्वारा सभी जीवनदीप समितियां को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# मुसराकला में पोला पर्व धूमधाम से मनाया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत मुसरा कला में नंदी पूजा के अवसर पर पोला उत्स्व मनाया गया। जिसमे ग्राम सहित आस पास के ग्रामीणों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। विगत कई वर्षो से मनाये जाने वाले इस पर्व को पूर्वजों द्वारा मनाया जाता रहा है। जिसे रिवाज एवं सस्कृति के रूप में आज भी गांव में प्रमुख एवं पटेल द्वारा आयोजन कर मनाया जाता है।

इस पर्व में बैल जोड़ी प्रतियोगिता ,धीमी मोटर सायकिल प्रतियोगिता ,धीमी सायकिल प्रतियोगिता ,बच्चों द्वारा नंदी दौड़ प्रतियोगिता ,गांव के महिलाओं द्वारा रस्सी खींच प्रतियोगिता ,फुगड़ी प्रतियोगिता ऐसे विभिन्न कार्यक्रम कर गांव में एकता और भाईचारे का प्रदर्शन करते हुए एक साथ मिलजुलकर कार्यक्रम करते और कराते है। उक्त अवसर पर सरपंच श्री मति गायत्री टेम्भुरकर ग्राम पटेल हेमसिंग ठाकुर ,ग्राम प्रमुख कमल नारायण साहू ,बबला साहू ,सुखचंद साहू ,बजरंग साहू ,बली बंजारे ,झलेश साहू एवं सरपंच प्रतिनिधि शिव कुमार टेम्भुरकर सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

# रानी रश्मि देवी सिंह महाविद्यालय में वाणिज्य दिवस का आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह है महाविद्यालय, खैरागढ़ में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा वाणिज्य दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सुश्री मोनिका जत्ती सहित अन्य विभागों के प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

### वाणिज्य का महत्व और करियर मार्गदर्शन

विभागाध्यक्ष सुश्री मोनिका जत्ती ने वाणिज्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वाणिज्य को एक विषय के रूप में पढ़ने और दैनिक जीवन में इसके उपयोग को समझने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों ने वाणिज्य के विभिन्न पहलुओं पर पोस्टर बनाए और अपने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में परंपरागत और आधुनिक वाणिज्य पर प्रस्तुतीकरण दिया। वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक शबाना खान ने विद्यार्थियों को वाणिज्य के क्षेत्र में करियर के विभिन्न अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया और उन्हें इस क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नीरज विद्या मंदिर बना गोकुलधाम, बच्चे बने श्रीराधा-कृष्ण



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में योगेश्वर श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रीराधा-कृष्ण स्पर्धा में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान, प्रशासक जी राम सिन्हा उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती एवं श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से हुई। प्राचार्या सुश्री जहान ने अपने स्वागत भाषण में श्रीकृष्ण को युगशिल्पी बताते हुए धर्म का रक्षक कहा। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीकृष्ण आज भी हमारे बीच उपस्थित हैं और उनका संदेश गीता के रूप में घर-घर मौजूद भी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सुमधुर सरस्वती वंदना एवं श्रीकृष्ण पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी।

इसके बाद प्री-प्रायमरी के बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। राधा बनी बच्चियों ने अपनी-अपनी प्रभावी प्रस्तुती दी। वहीं श्रीकृष्ण बने बच्चों ने वृंदावन और गोकुल की लीलाओं को जीवंत कर दिया। श्री राधा-कृष्ण सेलिब्रेशन के विजेता- नर्सरी से वंश देवांगन व नित्विक प्रथम, अदिति नाहटा व जयेश बेरिया द्वितीय एवं जेनिसिस रामटेके व प्रसीव साहू तृतीय रहे। केजी- 1 में प्रांजली सोनवानी व अदिति सुधाकर प्रथम, आश्वी देवांगन व स्मृति द्वितीय एवं तीसरे स्थान पर दिव्याश्री भुआर्य व तृशा रही। केजी- 2 में अनवय कुमार साहू व प्रिशा रंगारी प्रथम, निष्ठा साहू, अनुश्री साहू एवं धन्या जैन दूसरे एवं तीसरे स्थान पर चित्रांशी, इनाया शेख एवं वान्या कंवर रही। सभी प्रतिभागी बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सैयद नूरजहां, श्रीमती लुकेश्वरी साहू, श्रीमती शिल्पा सिंह, श्रीमती आशा साहू श्रीमती श्वेता देवांगन, श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव, सुश्री अनुमेहा जैन, संगीत शिक्षक डोमेश्वर सिन्हा, शुभम शेण्डे का विशेष योगदान रहा। इसके पश्चात प्री-प्रायमरी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए दही लूट का आयोजन किया गया। जिसमें दही हाण्डी लूटने छात्र-छात्राओं ने अपनी ऊर्जा का बखुबी परिचय दिया। कार्यक्रम का प्रसंगानुरूप संचालन शिक्षिका श्रीमती आशा साहू एवं शिल्पा मैम ने किया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

# पं. किशोरी लाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, में दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ




हरदी (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पं. किशोरी लाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र राजनांदगांव में दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 22 अगस्त से 11 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। आज के सत्र में लगभग 60 छात्र-छात्राएं एवं उनके पालक उपस्थित हुए। जिनका स्वागत पुष्पगुच्छ और तिलक लगाकर सम्मानपूर्वक किया गया।

इस अवसर के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. उमेश बी. देशमुख रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एनसीसी के पीआई अफसर श्री र. सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. उमेश बी. देशमुख द्वारा किया गया। जिन्होंने महाविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के संबंध में विशेष जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात श्री र. सिंह ने छात्रों एवं अभिभावकों को एनसीसी की संरचना, उद्देश्य एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं अतिथि शिक्षक की सक्रिय सहभागिता रही। डॉ. संगीता चंद्राकर ने शैक्षणिक गतिविधियों एवं परीक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी। डॉ. मेधा शाह ने एनएसएस, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद जैसी गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. वर्षा कुमारी ने छात्रों को एंटी-रैगिंग कानून एवं महिला उत्पीड़न निरोधक प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अंत में सभी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को इस कार्यक्रम से अवगत कराते हुए आज का दीक्षारंभ सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में लहराया तिरंगा, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विशाल तिरंगा रैली निकली



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हरषोल्लास से मनाया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर के आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी के नेतृत्व में गोदग्राम पर्रीकला जी.ई. रोड तक अन्य प्राध्यापकगणों द्वारा विशाल तिरंगा रैली निकाली गई।

प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए नारों के उद्घोष से आसपास का क्षेत्र देशभक्ति में हो गया। हर भारतीय की जुबान पर घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा गुंजायमान होता रहा। रैली के पश्चात महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ। भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा किया गया। तत्पश्चात संचालकगण एवं अन्य अतिथियों का पुष्पहार एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति की धुन पर नृत्य दर्शकों का मन मोह लिया। महाविद्यालय के विभिन्न टीमों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों एवं नाटकों से पूरा हाल आजादी का जश्न मनाते हुए खुशी से सराबोर हो गया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि आज का दिन सभी भारतीयों के लिए बहुत ही महत्व का दिन है। आज का दिन आजादी के लिए मर मिटने वालों वीर शहीदों की गाथा का दिन है। जिससे हम सभी को आजादी मिली। स्वतंत्रता दिवस भारत माता की उन्नति और प्रगति के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है।

महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन एवं संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रधानमंत्री नई दिल्ली में लाल किले पर भारतीय ध्वज तिरंगा फहराते हैं। जो हमारे अंदर एकता और गौरव की भावना का नवनिर्माण करते हैं। यह राष्ट्रवाद की भावना को फिर से जगाने और देश की वृद्धि और विकास में योगदान देने का समय है। अतिथि के रूप में पधारे भूषण साहू ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल स्मरण उत्सव नहीं है। बल्कि साहस और राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार प्रदर्शन रूबी दान द्वारा किया गया।

# ठेलकाडीह कॉलेज के छात्रों ने गांव में मनाया पोला पर्व



राजनांदगांव। शासकीय नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने शनिवार को अपने गोद लिए गए गांव डुमरडीह कला में पोला पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर ग्रामीणों के लिए कई पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें गांव के बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### खेल और मनोरंजन

पोला पर्व के मौके पर मटका फोड़, रस्सा खींच, कुर्सी दौड़, चम्मच-बांटी दौड़, फुगड़ी और नारियल फेंक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन खेलों में विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डुमरडीह कला के सरपंच दिनेश ठाकुर ने की। जनपद पंचायत सदस्य ललिता मोहन और उपसरपंच धनेश साहू भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डीके साहू, प्रो. व्ही.के. मसियारे, रेणुका कुंजाम, बेनविक्रम, रेणुका सिन्हा, हेमंत जागड़े और प्राची के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# आज शहर में धूमधाम से विराजेंगे भगवान विघ्नहर्ता, गणपति बप्पा मोरया की रहेगी गूंज



○ बाजे-गाजे के साथ मूर्तिकारों के यहां से लंबोदर स्वामी को लाने का जारी रहेगा सिलसिला
○ 11 दिनों तक बहेगी गणपति पूजा-भक्ति की बयार

**राजनांदगांव (दावा)।** भादों मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को आज शहर सहित अंचलभर में भगवान गणेश धूमधाम के साथ विराजेंगे। शहर की दर्जनों की संख्या में गणेशोत्सव समितियों द्वारा आज बाजे-गाजे के साथ भगवान विघ्नहर्ता को मूर्तिकारों के यहां से लाया जाएगा। आज बुधवार को सुबह से लेकर देर शाम-रात तक मूर्तिकारों के यहां से भगवान गणेश प्रतिमाओं को लिवा लाने का सिलसिला जारी रहेगा। इसके लिए गणेशोत्सव समितियों द्वारा भव्य तैयारियां की गई है। बता दें कि गणेशोत्सव से पूर्व ही शहर के विभिन्न स्थानों में दुकानो में आकर्षक रुप से सजे गणेश प्रतिमाओं को लिवा ले जाने का सिलसिला दो दिन पहले से शुरू हो गया है। दूरदराज के गांव-कस्बे वाले लोग शहर आकर अपने मन पसन्द भगवान गणेश के मनोहारी प्रतिमाएं ले जाना शुरू कर दिए थे। आज उन प्रतिमाओं की शुभ मुहूर्त में धूमधाम के साथ स्थापना की जाएगी।

### बाल समाज गंज चौक में विराजेंगे गणेश जी

शहर की सबसे पुरानी गणेशोत्सव समिति बाल समाज के सूर्यकांत जैन ने बताया कि आज दोपहर बाद मूर्तिकार पांडूरंग यहां से रिद्धि-सिद्धि वाली गणेश प्रतिमा धूमधाम के साथ लाया जाएगा। इसके लिए बाल समाज के दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, विकास अग्रवाल, नंदू भूतड़ा,राजू, गुड्डू जैन, बिसन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल आदि तैयारियां में जुटे हुए हैं। इसी तरह कामठी लाइन की गणेशोत्सव समिति सूमति मंडल के अशोक लोहिया ने बताया कि दोपहर पश्चात भगवान गणेशजी की ऋद्धि-सिद्धि वाली प्रतिमा लाई जाएगी। इस तरह लधु मंडल व गुड़ाखू लाइन की गणेशोत्सव समिति नवयुवक मंडल द्वारा आज सुबह से ही भगवान गणेश की स्थापना की तैयारी कर ली गई है। मंडल के शरद वर्मा आदि ने बताया कि आज बुधवार की सुबह गणेश प्रतिमा पहुंचेगी। जिसे शुभ मुहूर्त में स्थापना की जाएगी।

### आशीर्वाद ग्रहण गंज चौक में गणेशोत्सव पर्व की बिखरेगी छटा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गंज चौक में आशीर्वाद मंडल द्वारा गणेशोत्सव पर्व की भव्य तैयारियां की गई है। आशीर्वाद मंडल के आशीष गुप्ता मुन्ना ने बताया कि आज बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाल कर शिव परिवार वाली भगवान गणेश प्रतिमा को लिवा लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त शिव परिवार वाली मनोहारी प्रतिमा कांच की सजावट के अंदर विराजमान होगी। इसके लिए गंज चौक में भव्य पंडाल बनाया गया है, जो कि देखने लायक है। आशीर्वाद मंडल के उक्त भव्य एवं चित्ताकर्षक पंडाल में 11 दिनों तक भगवान श्री गणेश व शिव परिवार की पूजा भक्ति की बयार बहेगी। प्रतिदिन पंडितो के मुख से उच्चारित वेद मंत्रों के बीच रुद्राभिषेक के अलावा आरती-पूजन सहित भजन-कीर्तन का माहौल बना रहेगा।

### अहमद नगर के गणेशजी के होंगे दर्शन

शहर के भदौरिया चौक में फ्लाई ओवर के नीचे भव्य स्थल सजावट की जा रही है। इस आकर्षक स्थल सजावट झांकी में अहमद नगर स्थित 200 वर्ष पुराने विशाल गणपति मंदिर स्थापित प्रथम पूज्य गणेश जी को स्वरूप की स्थापना की जाएगी। बताया जा रहा है कि यहां बनाई गई एपल झांकी दर्शकों की भारी भीड़ खींचेगी। डिज्नी लैंड थीम व विभिन्न प्रकार के झूले आकर्षण के केंद्र रहेंगे। इसी तरह महावीर चौक में फ्लाई ओवर के नीचे भी गणेशोत्सव समिति द्वारा भव्य झांकी तैयार की जा रही है। इसके अलावा शहर के आजाद चौक में भव्य गणेश पंडाल व अन्य चौक-चौराहों में स्थापित होने वाले गणेश प्रतिमाओं के भव्य एवं आकर्षक पंडाल देखने लायक बन रहे हैं। आज शहर की विभिन्न गणेशोत्सव समितियों द्वारा बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकाल कर भगवान गणेश की प्रतिमा लिवा लाएंगे। इस दौरान लोगों में श्रद्धा-भक्ति का माहौल बना रहेगा।

### शहर में विराजेंगी 15 फीट ऊंची प्रतिमाएं

बताते चलें कि कोराना काल के समय कई प्रतिबंधो के चलते गणेश प्रतिमाओं की उंचाई कम कर दी गई थी। लेकिन अब फिर से शहर के गणेश पंडालों में भगवान गणेश की विशाल प्रतिमाएं देखने को मिलेगी। शहर के ज्यादातर गणेश पंडालो में 12 से 15 फीट तक ऊंची प्रतिमा विराजित की जा रही है। वहीं छोटी प्रतिमाओ के लिए फ्लाई ओवर के नीचे हिस्से में मूर्तिकारों को जगह दी गई है। जहां एक से बढ़कर एक भगवान गणेश की विभिन्न मुद्राओं वाली एकल संहित ऋद्धि-सिद्धि व मूषक, मोर धेनु गाय आदि के साथ मनोहारी प्रतिमाओ की दुकानें सज गई है।

# गणेश उत्सव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने पुलिस द्वारा लगाई गई आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था

### प्रति दिन 100 से अधिक पुलिस जवान ड्यूटी में रहेंगे मुस्तैद

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस प्रशासन द्वारा शहर की गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा का निर्वहन व आज से प्रारंभ होने जा रहे गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था का इंतेजामात किया गया हैं। इसके लिए प्रति दिन 100 से अधिक पुलिस जवानों की ड्यूटी में मुस्तैदगी की व्यवस्था की गई है।



बताया जा रहा है कि गणेश उत्सव के दौरान आउटर पेट्रोलिंग, बाईक पेट्रोलिंग, पैदल पेट्रोलिंग, स्टेटिक पोइन्ट एवं एम.सी.पी. ड्यूटी लगाई गई है। वहीं ड्रोन से भी निगरानी की जायेगी। गणेश पर्व पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है।

### तेज आवाज में नहीं बज पाएंगे साउंड सिस्टम

बताया गया है कि गणेशोत्सव पर्व के दौरान मानक क्षमता से अधिक डेसिबल की ध्वनि के प्रसार करने वाले डीजे संचालकों के विरूद्ध उच्च न्यायालय के गाईड लाईन एवं कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में आज 27 अगस्त बुधवार से प्रारंभ होने वाले गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में सभी थाना/चौकी प्रभारियों एवं रक्षित निरीक्षक को गणेश स्थल सजावट एवं शहरों के विभिन्न चौक चौराहों में स्टेटिक पोइन्ट ड्यूटी, शहर के आउटर क्षेत्र में आउटर पेट्रोलिंग, शहर में बाईक पेट्रोलिंग एवं पैदल पेट्रोलिंग ड्यूटी लागई गई है साथ ही एम.सी.पी. ड्यूटी लगा कर शहर या जिले में आने वाले वाहनों की सघनता से चेकिंग कर अवैध सामग्री जप्त करने एवं वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बल के साथ-साथ ड्रोन से भी पूजा स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले जगहों की निगरानी की जायेगी। गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन 100 से अधिक पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उन्हें गणेश पर्व के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। गणेश उत्सव समितियों एवं डीजे संचालकों से अपील है कि वे मानक क्षमता से अधिक डेसिबल की ध्वनि के प्रसार ना करें। ऐसा करने पर डीजे संचालकों के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय के गाईड लाईन एवं कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी।

# 6 म्यूल एकाउंट खाता धारकों को पुलिस गिरफ्तार में



इसके पूर्व इसी प्रकरण में 8 म्यूल एकाउंट खाता धारकों को भेजा गया था जेल

डोंगरगढ़ (दावा)। साइबर अपराधों के खिलाफ चल रही कार्रवाई में, डोंगरगढ़ पुलिस ने छह और 'म्यूल अकाउंट' खाता धारकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन आरोपियों पर साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त पैसों को अपने बैंक खातों के माध्यम से ठिकाने लगाने का आरोप है। इससे पहले इसी मामले में आठ अन्य खाताधारकों को भी जेल भेजा जा चुका है।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के पोर्टल से जानकारी मिली थी कि बंधन बैंक की डोंगरगढ़ शाखा में 21 म्यूल बैंक खातों में 25 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच साइबर धोखाधड़ी के जरिए कुल 10,06,544 रूपए जमा किए गए थे। इस जानकारी के आधार पर 15 जुलाई 2025 को डोंगरगढ़ थाने में एक मामला (अपराध क्रमांक 360/2025) दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा और एसडीओपी आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार शाह ने मामले की जांच शुरू की।

0 गिरफ्तारियों का सिलसिला

जांच के दौरान पुलिस ने 19 जुलाई 2025 को आठ म्यूल अकाउंट धारकों- मन्नू यादव, सिराजूदीन खान, आर्यन नामदेव, सोहेल खान, चिरावन सेन, रवि ढीमर, सचिन मेश्राम और प्रियांशु जंघेल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब 26 अगस्त को पुलिस ने छह और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें लक्ष्मण निषाद, देवनारायण सोलवंशी, अजय अंबादे, लोकेश गावराने, चेतन धुर्वे और आयुष सहारे शामिल हैं। इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों ने जानबूझकर अपने बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर अपराधियों की मदद करने के लिए किया था। इस कार्रवाई में निरीक्षक भूषण चंद्राकर, योगेश साहू, किशन, अरुण मनहर, लीलाधर मंडलोई, अजय पटले और नेहा बंजारे का विशेष योगदान रहा।

### म्यूल अकाउंट क्या होते हैं?

गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार, म्यूल अकाउंट ऐसे बैंक खाते होते हैं जिनका उपयोग साइबर धोखाधड़ी से मिले पैसों को छिपाने, उपयोग करने या बढ़ाने के लिए किया जाता है। पुलिस समन्वय पोर्टल पर प्रदर्शित जानकारी के आधार पर अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ऐसे खातों की जांच कर कार्रवाई कर रही है।

# आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद दीक्षित अस्पताल ने वसूले पैसे, जोगी कांग्रेस का हंगामा

राजनांदगांव (दावा)। आयुष्मान भारत योजना का कार्ड होने के बावजूद मरीज से रुपए वसूले जाने के मामले को लेकर रविवार को अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसूल आलम ने अपने साथियों के साथ सीएमएचओ ऑफिस पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा।



0 सीएमएचओ ऑफिस के बाहर नारेबाजी
0 तीन दिन में कार्रवाई नहीं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

इस दौरान लेबर डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष शिवशंकर गौर भी मौजूद रहे। शमसूल आलम ने बताया कि शनिवार देर रात उन्हें मरीज के परिजनों ने फोन कर शिकायत दी थी। सूचना मिलते ही वे और शिवशंकर गौर दीक्षित अस्पताल पहुंचे, जहां मरीज की मौत हो चुकी थी। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने इलाज के नाम पर परिजनों से 12,400 रुपए वसूली की। जबकि अस्पताल आयुष्मान भारत योजना से मान्यता प्राप्त है। विरोध के बाद प्रबंधन ने राशि लौटा दी।

नेताओं का कहना है कि मरीज की फाइल में गड़बड़ी मिली है और अस्पताल नियमों को दरकिनार कर मनमानी कर रहा है। गौर ने सवाल उठाया कि जब खतरा पहले ही था तो मरीज को रेफर क्यों नहीं किया गया। उन्होंने इसे सीधी लापरवाही और लूट बताया।

सीएमएचओ से संपर्क की कोशिश में भी नेताओं को निराशा हाथ लगी। आरोप है कि अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया और छुट्टी का हवाला देकर बात टाल दी। इस पर जोगी कांग्रेस और लेबर पार्टी ने संयुक्त रूप से तीन दिन के भीतर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन होगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नमन पटेल, शहर अध्यक्ष बिलाल सोलिन खान, महासचिव ऋषभ रामटेक, पंकज सिन्हा, मरीज के पिता व भाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महापौर मधुसूदन द्वारा 'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0' का पोस्टर बैनर का विमोचन

### 17 को देशभर में होगा विश्व का सबसे बड़ा रक्तदान अभियान, प्रधानमंत्री मोदी ने भी की सराहना




राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा संचालित 'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0' के अंतर्गत आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का पोस्टर और बैनर विमोचन मंगलवार को एक गरिमामय समारोह में सम्पन्न हुआ। यह विमोचन पूर्व सांसद एवं वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव के करकमलों से हुआ।

### देशभर में 17 को एक साथ होगा आयोजन

यह अभियान आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस सेवा दिवस पर एक साथ आयोजित किया जाएगा। परिषद ने इसे विश्व का सबसे बड़ा रक्तदान अभियान बनाने का लक्ष्य रखा है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहा अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। ऐसे अभियान जरूरतमंदों को जीवनदान देते हैं और पूरे समाज को सेवा व मानवता की डोर से जोड़ते हैं। मुझे विश्वास है कि यह मुहिम पूरे देश में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगी।

### विमोचन समारोह में अनेक गणमान्य उपस्थित

समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोगरे, सभापति अमित जैन, पूर्व भाजपा जिला संयोजक विवेक मोनू भंडारी तथा रक्तवीर धनेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महापौर मधुसूदन यादव ने कही प्रेरणादायी बात

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। यह न केवल किसी का जीवन बचाने का अवसर देता है बल्कि समाज में मानवीय संवेदनाओं को भी सशक्त करता है। इस प्रकार के अभियान युवाओं को सेवा और जिम्मेदारी की दिशा में प्रेरित करते हैं।

### डोंगरगढ़ में आयोजन की तैयारियों पर चर्चा

इस मौके पर रायपुर से आए परिषद पदाधिकारी–दीपेश पुगलिया, प्रतीक जैन, ऋषव छाजेड़ और शुभम बैद (एमबीडीडी राज्य संयोजक) ने भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी के साथ विशेष चर्चा की। उन्होंने डोंगरगढ़ में इस महाअभियान के सफल आयोजन की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया और रक्तदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता की रणनीति साझा की।

### रक्त की उपलब्धता बढ़ाना और सेवा का दिया संदेश

आयोजकों के अनुसार 'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0' के अंतर्गत लाखों लोग रक्तदान करेंगे। जिससे रक्त की उपलब्धता बढ़ेगी और समाज में सेवा, त्याग तथा मानवता का सशक्त संदेश जाएगा। परिषद का उद्देश्य है कि भारत में कोई भी व्यक्ति रक्त की कमी से पीड़ित न रहे और यह अभियान विश्व रिकॉर्ड बनाए।

**आवश्यकता है**

प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार, हेल्पर एवं ड्रायवर की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।

संपर्क :- दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726




# पुलिस ने मनगटा वन चेतना क्षेत्र स्थित रिसॉर्ट का किया आकस्मिक निरीक्षण

### नियमों का पालन नहीं करने वाले रिसॉर्ट संचालकों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस द्वारा वन चेतना केंद्र मनगटा स्थित रिसार्ट का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक नियमै का पालन नहीं करने वाले संचालकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक के आहूत मीटिंग 3/06/2025 को दिए गए निर्देश बाहर से डीजे लाकर रिसोर्ट में नही बजाने, रिसोर्ट के अंदर नशे का सेवन नही करवाने, सभी रिसोर्ट में सीसीटीवी कैमरा एवं लाइट का समुचित व्यवस्था करने, रिसोर्ट में आने जाने वालों की सभी व्यक्तियों का आधार कार्ड मोबाइल नंबर रजिस्टर में संधारण करने तथा नाबालिक बच्चे बच्चियों को बिना गार्जियन के रूम नहीं देने एवं किसी प्रकार की अनैतिक गतिविधि करते पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्वाई करने के संबंध में हिदायत दिया गया था जिसका आकस्मिक निरीक्षण 24 अगस्त को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे), नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा वनचेतना केन्द्र मनगटा के आसपास के स्थित सभी रिसॉर्ट का किया गया। निरीक्षण दौरान दिए गए निर्देशों का पालन नहीं करने वाले रिसॉर्ट संचालकों/मैनेजरों के विरुद्ध धारा 126, 135(3)बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

# भाजयुमो अध्यक्ष के कार्यभार समारोह में शामिल हुआ युवा मोर्चा, हुई चर्चा



राजनांदगांव (दावा)। नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकारिहा के कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम में जिला युवा मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। राजधानी में हुए इस आयोजन में सभी ने प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया और उन्हें कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि राजधानी में कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने जिला मोर्चा से भी चर्चा की। उन्होंने जानकारी दी कि वे सभी जिले के दौरे पर निकलने वाले हैं। जल्द ही उनका राजनांदगांव आगमन भी होगा। इस आयोजन में जिले से नीरज यादव, दुर्गेश साहू, विवेक शर्मा, पिंटू वर्मा, देवा झा, करण कश्यप, उज्जवल कसेर, ज्ञानेश गुप्ता, चिंटू सोनकर, अनंत तिवारी, जयंत साहू, संयम शर्मा, आशुतोष सिंह, सुमित मिश्रा, यश पारख, साकेत वैष्णव, अंशुल श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, हिमांशु सोनवानी, अरविंद बैद, अमन जायसवाल, रवि राजपूत, नितेश नायक, अभिषेक यदु, प्रिंस प्रशांत हाथीबेड़, अमितेष झा, हर्षू चौधरी, आंजनेय शर्मा, मनीष यादव, बाबू झा, देव, खुशाल यादव, दिव्यांश देवांगन, राजा सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# देवेंद्र मोहन लाला को जन्मदिन की बधाई देने लगा रहा तांता



राजनांदगांव (दावा)। गत दिनों 26 अगस्त को देवेंद्र मोहन लाला 'देबू' के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें विभिन्न संस्थाओं और व्यक्तिगत लोगों ने देर शाम तक उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्हें बधाई देने वालों में अंजुम अल्वी, अधिवक्ता अमलेन्दु हाजरा, डॉ. डी.सी. जैन, लोक कलाकार सुनील बंसोड, शैलेंद्र तिवारी, राकेश ठाकुर, हरीश सिंग भाटिया, एजाज सिद्दीकी, राजेश शर्मा, गुरमीत सिंग भाटिया, पंकज गुप्ता और डॉ. आनंद वर्गीस शामिल थे। इसके अलावा कई प्रमुख संस्थाओं जैसे शिवनाथ क्षेत्रीय समिति, स्वदेशी जागरण मंच और बागेश्वर धाम ट्रस्ट की ओर से भी उन्हें जन्मदिन की बधाई प्रेषित की गई।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com